mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-359 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

रीवा

30 दिसंबर 2024 सोमवार

दैनिक मीडिया ऑडीटर

# दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



मैं पिछले 12 साल से...

@ पेज 7



## पीएम मोदी ने 'मन की बात' में की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2024 के अपने अंतिम 'मन की बात' कार्यक्रम में भारतीय सिनेमा के चार दिग्गजों राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्किनेनी नागेश्वर

**● राज कपूर, मोहम्मद रफी, एएनआर, तपन सिन्हा को किया याद**

राव (एएनआर) और तपन सिन्हा को उनके जन्म शताब्दी वर्ष पर याद किया। पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में कहा, ÷वर्ष 2024 में हम फिल्म जगत की कई महान हस्तियों की 100वीं जयंती मना रहे हैं। इन विभूतियों ने भारतीय सिनेमा को विश्व स्तर पर



पहचान दिलाई। हमारे पूरे फिल्म जगत के लिए इन हस्तियों का जीवन प्रेरणा जैसा है। राज कपूर जी ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की 'सॉफ्ट पावर' से परिचित कराया। मोहम्मद रफी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि रफी साहब की आवाज में वो जादू था जो हर दिल को छू लेता था। मोदी ने रफी के बारे में कहा, ÷उनकी आवाज अद्भुत थी। भक्ति गीत हों या रोमांटिक गीत, दर्द भरे गाने हों, हर भाव को उन्होंने अपनी आवाज से जीवंत कर दिया। एक कलाकार के रूप में उनकी महानता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी युवा-पीढ़ी उनके गानों को उतनी ही शिद्दत से सुनती है। यही तो है सदाबाहर कला की पहचान।

पीएम मोदी ने तेलुगु सिनेमा को ''नयी ऊंचाइयों'' पर ले जाने के लिए एएनआर की प्रशंसा की और कहा कि उनकी फिल्मों ने भारतीय परंपराओं एवं मूल्यों को बखूबी प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कहा, ÷तपन सिन्हा जी की फिल्मों ने समाज को एक नयी दृष्टि दी। उनकी फिल्मों में सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय एकता का संदेश रहता था।÷ हिंदी फिल्म जगत के 'शोमैन' कपूर और भारतीय सिनेमा के महानतम पार्श्व गायकों में से एक रफी की जन्मशती क्रमशः 14 दिसंबर और 24 दिसंबर को मनाई गई। अक्किनेनी नागेश्वर राव तेलुगु फिल्म जगत के सबसे प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने अपने सात दशक के करियर में कई ऐतिहासिक फिल्मों में अभिनय किया। राव की 20 सितंबर को 100वीं जयंती मनाई गई थी। प्रमुख बंगाली सिनेमा निर्देशकों में से एक सिन्हा की जयंती दो अक्टूबर को मनाई गई थी।

### संक्षिप्त समाचार

## विमान हादसे में 179 लोगों की हुई मौत

**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया के भीषण विमान हादसे में मौतों का आंकड़ा अब 179 पहुंच गया है। विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। इसमें से सिर्फ 2 लोग ही जीवित बच सके हैं। उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। यह हादसा साउथ कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर रविवार को उस वक्त हुआ, जब विमान का लैंडिंग गियर उतरते फेल हो गया और अचानक



वह दीवार की फेंसिंग से टकरा गया। इससे यात्री विमान में आग लग गई। इस घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह देश में अब तक हुए सबसे वीभत्स हवाई हादसों में से एक है। देश की राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि बचाव दल मुआन शहर स्थित इस हवाई अड्डे पर 'जेजू एयर' यात्री विमान से लोगों को निकालने की कोशिश में जुटा हुआ है। विमान में 181 यात्री सवार थे। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि विमान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 जेट था, जो बैंकॉक से लौट रहा था और दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर हुई। अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि आग लगने की घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी के मुताबिक, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घटना के करीब छह घंटे बाद भी विमान में सवार बाकी लोग लापता हैं।

## टेक्सास और मिसिसिपी में तूफान का भयानक तांडव, 2 लोगों की मौत



**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** अमेरिका के टेक्सास और मिसिसिपी में शनिवार को एक के बाद एक कई तूफान आए। तूफानों के तांडव में कई घरों की छत और वाहन उड़ गए व पलट गए। काफी संख्या में पेड़ और पोल भी गिर गए व क्षतिग्रस्त हो गए। इस भीषण तूफान में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। तूफान से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और ढेरों वाहन पलट गए। 'ब्राजोरिया काउंटी शेरिफ' कार्यालय की प्रवक्ता मैडिसन पोलस्टन ने बताया कि ह्यूस्टन के दक्षिण में स्थित लिवरपूल क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पोलस्टन ने बताया कि लिवरपूल और हिलक्रेस्ट विलेज तथा एल्विन के बीच काउंटी में कई स्थान तूफान से प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि अब तक अधिकारियों को लगभग 10 क्षतिग्रस्त मकानों के बारे में पता चला है, लेकिन वे अब भी नुकसान के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। आशंका है कि बड़े पैमाने पर घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों को नुकसान पहुंचा है। काफी संख्या में वाहन पलट गए हैं। कुछ वाहन पलटते हुए काफी दूर जा कर गिरे हैं। मिसिसिपी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार मिसिसिपी में एडम्स काउंटी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और फ्रैंकलिन काउंटी में दो लोग घायल हो गए।

## कच्छ की धरती एक बार फिर भूकंप के झटकों से कांप उठी



**कच्छ (एजेंसी)।** गुजरात के कच्छ की धरती एक बार फिर भूकंप के झटकों से कांप उठी है। रविवार सुबह कच्छ में 3.2 की तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। गांधी नगर स्थित भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान के मुताबिक सुबह 10.06 पर कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 मापी गई है। भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते किसी के हताहात होने या किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं हैं।

भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान के मुताबिक इस भूकंप का केंद्र भचाऊ से 18 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में स्थित था। इस महीने जिले में तीन से अधिक तीव्रता वाला यह तीसरा भूकंप है। इससे पहले 23 दिसंबर और सात दिसंबर को भी कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 23 दिंसबर को कच्छ में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। वहीं सात दिसंबर को भी भूकंप के झटकों से कच्छ की धरती कांपी थी। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3. 2 मापी गई थी।

### देश के ऊंचाई वाले कई पहाड़ी इलाकों में तापमान नीचे गिरा

## बर्फबारी के कारण पारा गिरा, गुलमर्ग और पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के ऊंचाई वाले कई पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश के कारण तापमान नीचे गिर गया है. मौसम विभाग ने सोमवार देश के कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य या इससे नीचे गिरने की संभावना जताई है. कश्मीर के गुलमर्ग और पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है. घाटी के बाकी हिस्सों में भी तेज ठंड जारी है.

मौसम विज्ञान विभाग ने साल 2024 के अंतिम दिनों और नए साल 2025 के शुरुआती दिनों में उत्तर भारत में शीतलहर चलने और बारिश व बर्फबारी होने की संभावना जताई है. मौसम विभाग ने कहा है कि 30 दिसंबर से दो जनवरी तक हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों में शीतलहर चल सकती है. सोमवार, 29 दिसंबर को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में गिरावट आएगी। आने वाले 5 दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है. अगले 3 दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में 3-4 डिग्री



सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि, अगले 5 दिनों के दौरान मध्य भारत में तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है. अगले 3 दिनों के दौरान पूर्वी भारत में भी तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है. अगले 5 दिनों के दौरान महाराष्ट्र में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि, 31 दिसंबर से 2 जनवरी के दौरान पंजाब, हरियाणा के अलग-अलग इलाकों में और 30 दिसंबर से 2 जनवरी के दौरान राजस्थान में शीत लहर की स्थिति रहने की संभावना है। आईएमडी ने 29 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में और 29 और 30 दिसंबर को पंजाब और हरियाणा के अलग-अलग इलाकों में कोल्ड डे की स्थिति रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने 29-30 दिसंबर के दौरान पंजाब, हरियाणा के अलग-अलग इलाकों में और 29 दिसंबर को राजस्थान में देर रात और सुबह के समय बहुत घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।

## मछुआरों की बोट और कार्गो शिप की हुई टक्कर

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के पास समंदर में एक और बोट हादसा हो गया। इस हादसे में मछुआरों की बोट एक कार्गो शिप से जा टकराई। हालांकि इस हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। बताया जाता है कि चीन की कार्गो शिप से शनिवार देर रात मछुआरों की एक बोट जा टकराई। यह हादसा रात लगभग12 बजे के



आसपास हुआ। कार्गो शिप से टक्कर के बाद मछुआरों की बोट समंदर में डूबने लगी। मछुआरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। आसपास मौजूद मछुआरों की बोट डूबते नाव को बचाने के लिए पहुंचीं। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही नेवी और कोस्ट गार्ड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद तेजी से राहत और बचाव का काम शुरू किया गया।

## शौक के लिए पिता बना हैवान! 60 हजार रुपये में बच्चे को बेचा

### खरीदी बाइक, पुलिस ने पकड़ा तो कहा- दान में दिया बेटा

**जयपुर (एजेंसी)।** ओडिशा में बालासोर जिले के हदामौद गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पिता ने अपने नवजात बेटे को एक निस्संतान दंपति को सिर्फ इसलिए बेच दिया ताकि वह नई बाइक खरीद सके। नवजात शिशु की मां शांति पात्रा ने मयूरभंज जिले के पोड़ापोडा गांव के धर्मू बेहरा से शादी की थी और दोनों बालासोर के हदामौद गांव में रह रहे थे। शादी के बाद शांति ने दो बेटों को जन्म दिया। धर्मू की पहली शादी से पहले ही एक बेटा था। 19 दिसंबर, 2024 को धर्मू ने शांति को बारिपदा के पंडित रघुनाथ मुर्मू मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया। धर्मू पर आरोप है कि 22 दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसने अपने नवजात बेटे को मयूरभंज जिले के सैंकुला गांव के एक निस्संतान दंपति को 60,000 रुपये में बेच दिया। कथित तौर पर इस सौदे को गांव के दो युवकों ने अंजाम दिया। इस चौंकाने वाली घटना का खुलासा तब हुआ जब धर्मू ने बेचे गए पैसे से नई बाइक खरीदी और गांव में घूमने लगा। यह देखकर ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने इसकी जानकारी बाल कल्याण समिति को दी।

मयूरभंज के खुंटा थाने की आईआईसी सुजाता खमारी ने कहा, ÷एक दंपति ने 60,000 रुपये में एक बच्चे को खरीदा है। बाल कल्याण समिति से हमें इस घटना की जानकारी मिली। बाल कल्याण समिति और खुंटा पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया और बच्चे को खरीदने वाली दंपत्ति से बच्चे को रेस्क्यू कर लिया गया। बच्चा अब बाल कल्याण समिति की देखरेख में है। हम इस मामले में आगे की जांच कर रहे हैं।÷

बाल कल्याण समिति के मुताबिक, ÷बच्चे को खरीदने वाली दंपति की शादी को लगभग 15 साल हो चुके हैं, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। इसीलिए उन्होंने कथित तौर पर एक बच्चे को खरीदा। शांति पात्रा और धर्मु पात्रा बिचौलिए के माध्यम से बच्चे को खरीदने वाले दंपत्ति के संपर्क में आए। खरीदार दंपति मयूरभंज जिले के बारिपदा शहर के निवासी हैं। हमें पता चला कि इन लोगों ने शिशु के बदले 60,000 रुपये का लेन-देन किया। विक्रेता पति की पहली शादी से एक और दूसरी शादी से दो संतानें पहले से थीं, जिससे उन्हें चौथे बच्चे को पालने में मुश्किलें होती। इसलिए उन्होंने बारिपदा के दंपति को बच्चा बेच दिया।

## बैल से इतना प्यार! मौत के बाद की तेरहवीं

### बैलों और ग्रामीणों को दी दावत

**वाशिम (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के वाशिम में जानवर और इंसान के बीच प्यार की एक मिसाल देखने को मिली है। यहां एक बैल की मौत के बाद ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान के साथ किया है। यही नहीं ग्रामीणों ने बैल की तेरहवीं की रस्म भी निभाई है।

महाराष्ट्र के वाशिम जिले के भटउमरा गांव में वारकरी परंपरा से जुड़ी एक अनूठी घटना देखने को मिली। गांववासियों के प्रिय बैल के निधन के बाद उसका अंतिम संस्कार पूरी विधि-विधान से किया गया और तेरहवीं की रस्म भी निभाई गई।

तेरहवीं के अवसर पर गांव के सभी बैलों को मीठा प्रसाद खिलाया गया और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इसके अलावा, किसानों का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल और टोपी देकर सत्कार किया गया। गांववासियों ने बताया कि यह परंपरा वारकरी संप्रदाय की संस्कारों के कारण पीढ़ियों से निभाई जा रही है।

भटउमरा गांव में बैल को सिर्फ खेतों में काम करने वाला पशु नहीं माना जाता,



बल्कि उसे परिवार का हिस्सा माना जाता है। बैल के निधन के बाद भी उसे मानवीय सम्मान दिया जाता है। गांव के अभिमान काले ने कहा, %बैल हमारी खेती और परिवार का सहारा है। इसलिए उसकी मृत्यु के बाद भी उसे पूरा सम्मान देना हमारा कर्तव्य है।%

भटउमरा गांव की यह परंपरा ग्रामीण एकता का प्रतीक है। बैलों को प्रसाद खिलाने से लेकर सामूहिक भोज तक सभी रस्मों ने गांववासियों के आपसी प्रेम और संस्कृति को दर्शाया है। यह अनोखी परंपरा सिर्फ भटउमरा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है। खेती और पशुधन के महत्व को समझते हुए इस तरह की परंपराएं ग्रामीण जीवनशैली और उसकी गरिमा को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। बैल के इस तरह के सत्कार की हर तरफ चर्चा हो रही है।

## छात्रों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए प्रशांत किशोर

### अभ्यर्थियों के डेलिगेशन से मिलेंगे मुख्य सचिव

**पटना (एजेंसी)।** बिहार लोक सेवा आयोग का पेपर लीक मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। इसे लेकर आज छात्र पटना के गांधी मैदान में जुटे हुए हैं और लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच छात्रों के प्रदर्शन में जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर भी शामिल हुए हैं। बता दें कि छात्र सीएम आवास का घेराव करने वाले हैं। छात्र लगातार सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले पटना जिला प्रशासन ने आयोग के अधिकारियों से बातचीत की पेशकश की थी, लेकिन इसे छात्रों ने ठुकरा दिया था।

छात्रों के साथ प्रशांत किशोर भी मौजूद

वहीं अब पटना के गांधी मैदान में हजारों की संख्या में छात्र जुटे हुए हैं और सीएम आवास की ओर आगे बढ़ रहे हैं। छात्रों को रोकने के लिए भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है और जगह-जगह पर




बैरिकेडिंग भी की गई है। इस बीच छात्रों ने गांधी मैदान के करीब जेपी गोलम्बर के पहले लगी बैरीकैडिंग को तोड़ दिया और अब आगे बढ़ रहे हैं। वहीं इसके 100 मीटर के आगे ही होटल मौर्या के पास एक और बैरीकैडिंग बनाई हुई है, जहां छात्रों को रोका गया है। जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर भी यहीं पर मौजूद हैं।

**छात्रों से मिलेंगे मुख्य सचिव:** इस दौरान जन सूराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा, ÷सरकार के प्रशासनिक अधिकारी यहां मौजूद थे, उन्होंने हमारे साथियों से बात की है और आश्वासन दिया है कि सरकार अभ्यर्थियों की मांगों पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार का कहना है कि छात्रों की 5 सदस्यीय कमेटी अभी मुख्य सचिव से बात करेगी ताकि उनकी समस्याओं और मांगों पर कुछ निर्णय लिया जा सके।

अगर मुख्य सचिव से बात करने के बाद क्ष्क्ष्ष्ट अभ्यर्थी संतुष्ट नहीं होते हैं तो कल सुबह सभी एक साथ बैठेंगे। मैं छात्रों से अनुरोध करूंगा कि अभी ऐसा कुछ न करें जो कानून सम्मत न हो। अगर फैसला छात्रों के पक्ष में नहीं होता है, अगर छात्रों के साथ कोई अन्याय होता है तो हम पूरी ताकत से उनके साथ खड़े रहेंगे।÷

## ओडिशा में श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 4 की मौत, 40 घायल

**कोरापुट (एजेंसी)।** ओडिशा के कोरापुट जिले में रविवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक बस के पलट जाने से चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 40 अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ये बस करीब 50 श्रद्धालुओं को लेकर गुप्तेश्वर जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस से अपना नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने इस हादसे पर




दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए सहायता राशि का भी ऐलान किया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा कोरापुट जिले के बोइपारीगुडा थाना क्षेत्र में हुआ। यहां के गुप्तेश्वर के पास डोकरीघाट में तड़के करीब साढ़े पांच बजे बस पलट गई। पुलिस के मुताबिक बस कटक के नियाली से लगभग 50 श्रद्धालुओं को लेकर गुप्तेश्वर मंदिर जा रही थी। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद आनन-फानन में घायल यात्रियों को बचाया गया और उन्हें बोइपारीगुडा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बीजेपी ने ठाकरे, पटवा, कांग्रेस ने मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बीजेपी नेताओं ने शनिवार को पार्टी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर मनाई। इस दौरान उन्हें स्मरण कर पार्टी को खड़ा करने के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान का जिक्र कर उनके बताए रास्तों पर चलने की बात कही। वहीं कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

मनमोहन का आज अंतिम संस्कार किया गया है। बीजेपी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पारासर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल समेत अन्य नेताओं ने



कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद सभी नेताओं ने बीजेपी दफ्तर पहुंचकर ठाकरे तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी को अपनी मेहनत से सींचने वाले पूर्व सीएम सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि भी आज है। सीएम यादव, प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पटवा की तस्वीर पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में वे सभी सुरेंद्र पटवा के निवास पहुंचे जहां सुंदरलाल पटवा को स्मरण किया और सुंदरलाल पटवा की पत्नी फूल कुंवर पटवा से मुलाकात की।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन गुरुवार की रात हो गया था और उनका आज अंतिम संस्कार किया गया है। प्रदेश में मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक घोषित है।

इस बीच कांग्रेस जनों ने मनमोहन सिंह के कामों को यादकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांग्रेसजनों ने आर्थिक उदारीकरण के लिए उनके द्वारा किए गए सुधारों को याद किया।

# मंत्री सारंग ने कहा- मनमोहन सिंह के निधन के चलते जन्मदिन नहीं मनाऊंगा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के चलते केंद्र सरकार ने देश में 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। इस दौरान सभी मनोरंजन और भीड़ जुटाने वाले कार्यक्रमों पर रोक लगी है। लेकिन, मध्यप्रदेश में भाजपा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने 27 दिसंबर को राष्ट्रीय शोक के बीच अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया है। अनिरुद्ध माधव मारू मनासा विधानसभा से बीजेपी विधायक है।

शनिवार को उनके जन्मदिन के फोटो-वीडियो वायरल हो रहे हैं। जिसमें मारू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित पार्टी में उन्हें फूलों की बड़ी माला पहनाई गई।



उनके समर्थकों की ढोल बाजे बजाते हुए नारेबाजी की है। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 27 दिसंबर को सिवनी में होना वाला कार्यक्रम रद्द कर दिया था। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से बात करने वाले थे। शनिवार को भी मुख्यमंत्री भोपाल में ही बैठकें ले रहे हैं। उनके कोई सार्वजनिक कार्यक्रम तय नहीं हो रहे हैं। इस बीच मोहन यादव सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने 29 दिसंबर अपना जन्मदिन नहीं मनाने की बात कही है। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर कर कहा है कि मैंने यह निश्चित किया है पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के चलते मैं अपना जन्मदिन नहीं मनाऊंगा। यह शोक का अवसर है। मेरे सभी बंधुओं से आग्रह करता हूं कि मेरा जन्मदिन कोई नहीं मनाएं। वैसे तो मेरे घर के द्वार सभी के लिए खुले हैं। लेकिन, 29 दिसंबर के दिन कोई न पधारें।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया।

# दो लाख रुपए लेकर भी नहीं बनाया मंडल अध्यक्ष

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** हाल ही में प्रदेश की आर्थिक राजधानी में हजारों स्टूडेंट्स कड़ाके की ठंड में 4 दिन तक अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर डटे रहे। भर्ती परीक्षा संबंधी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अड़े स्टूडेंट्स ने जब आंदोलन तेज किया तो शासन-प्रशासन हरकत में आया। मांगें पूरी करने का भरोसा देकर जैसे तैसे आंदोलन खत्म कराया। अगले दिन आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी पहुंचकर सरकार से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में एक सदस्य व्यापमं कांड में आरोपी है। मुलाकात की तस्वीरें सामने आने के बाद सवाल उठ रहा है कि सरकार से कौन मिलने आ रहे है, अफसरों ने इसकी क्रॉस चेकिंग तक नहीं की।

विंध्य अंचल के एक जिले में सत्ताधारी दल में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में जमकर उगाही हुई। सुना है कि यहां एक नेता से जिले के शीर्ष नेताओं ने दो लाख रुपए ले लिए। लेकिन, उन्हें मंडल अध्यक्ष नहीं बनाया गया, क्योंकि किसी और ने इससे ज्यादा चढ़ावा चढ़ा दिया। अब दो लाख रुपए देने वाले नेताजी अपना पैसा वापस मांग रहे हैं और रकम वसूली करने वाले जिला संगठन के पदाधिकारी राशि लौटा नहीं रहे हैं। यह रकम यूपीआई और चेक के जरिए ली गई। लिहाजा सबूत के साथ ये मामला पार्टी के प्रदेश नेतृत्व तक पहुंच गया है। अब प्रदेश नेतृत्व इस पर क्या एक्शन लेगा, ये तो वक्त ही बताएगा। फिलहाल तो इस कांड से पार्टी संगठन की जमकर किरकिरी हो रही है। सूबे के एक मंत्री ने अपने ही विभाग की पोल खोल दी। उन्होंने खुले मंच से कहा कि वे ऐसे करीब 500 मास्साब को जानते हैं जो स्कूल नहीं जाते, उन्होंने किराए पर अपनी जगह काम करने वाले लोग रखे हैं। बात निकली तो दूर तक गई।

विपक्ष ने फौरन सवाल उठा दिए कि जब मंत्री को सब जानकारी हैं तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं करते। मंत्री के बयान के बाद अब विभागीय अफसर ऐसे मास्टर्स की लिस्ट तैयार करा रहे हैं, जो अपना मूल काम छोड़कर बाकी सब करते हैं। अंदर खाने की खबर ये है कि सरकार ऐसे सरकारी कैश पर ऐश करने वालों पर जल्द ही बड़ा एक्शन ले सकती है। दो महीने पहले प्रमोट हुए वन महकमे के एक आला अधिकारी से इन दिनों भोपाल के वन विभाग के अफसर परेशान हैं। दरअसल, जिम्मेदार पद पर काबिज होने वाले ये आला अधिकारी हर महीने अपने घर के जरूरी सामान की लिस्ट अफसरों को थमा देते है। भोपाल के अफसर इस लिस्ट को अधीनस्थ रेंजर्स तक पहुंचाकर साहब के बंगले में सामान पहुंचाने को कहते हैं। अब रेंजर्स को यह डिमांड पूरी करनी पड़ रही है। इधर, सोशल मीडिया पर ढाई लाख रुपए तनख्वाह वाले वन विभाग के इस अधिकारी की डिमांड धीरे-धीरे सार्वजनिक होने लगी है। दो नदियों के जुड़ने से एमपी का वो इलाका पानीदार हो जाएगा, जिसके माथे पर सूखे का कलंक लगा हुआ है। करीब चार दशक पहले जिन दीदी ने पावर में रहते इस प्रोजेक्ट के लिए पहल की थी, वह अब मूर्त रूप लेने जा रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में इस परियोजना की शुरुआत हुई है। बावजूद इसके दीदी नाराज हैं। सुना है कि दीदी इस प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों से खफा हैं। अफसरों के रवैये के चलते ये प्रोजेक्ट न सिर्फ सालों की देरी से शुरू हुआ, बल्कि इसकी लागत भी चार गुना बढ़ गई है। हालांकि, प्रोग्राम के अगले ही दिन सरकार दीदी से मिलने पहुंच गए। वैसे इस मुलाकात को आभार प्रदर्शन बताया गया।

# एमएसपी पर हो रही खरीदी, 31 दिसंबर अंतिम तारीख? राज्य ने खरीदा सिर्फ 5.89 लाख मी. टन सोयाबीन, यह केंद्र की लिमिट से आधा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मप्र में पहली बार एमएसपी पर हो रही सोयाबीन की सरकारी खरीदी में किसानों ने वैसा उत्साह नहीं दिखाया , जैसा सरकार को अनुमान था। केंद्र सरकार ने मप्र के लिए एमएसपी पर सोयाबीन खरीदी के लिए 13 लाख मीट्रिक टन का कोटा तय किया था।

25 अक्टूबर से प्रदेश में सोयाबीन खरीदी की जा रही है, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सीएम हाउस स्थित समत्व कार्यालय में प्रदेश में सोयाबीन खरीदी की समीक्षा की, जिसमें सामने आया कि 25 अक्टूबर से 26 दिसंबर तक की स्थिति में 2 लाख 4 हजार किसानों ने एमएसपी पर सरकार को सोयाबीन बेचा है।

इन किसानों से सरकार ने अब तक कुल 5.89 लाख



मीट्रिक टन सोयाबीन ही खरीदा गया है। कृषि व सहकारिता विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि 31 दिसम्बर तक प्रदेश में खरीदी 6 लाख मीट्रिक टन से ऊपर नहीं पहुंचेगी। किसान लगातार पर सोयाबीन खरीदने की मांग कर रहे थे, इसके बाद सरकार ने घोषणा की थी कि लक्ष्य से ज्यादा सोयाबीन आता है तो सरकार अपने संसाधनों से खरीदी करेगी।

समीक्षा बैठक में कृषि सचिव ने बताया कि प्रदेश में सोयाबीन की सर्वाधिक खरीदी भोपाल संभाग में हुई है। यहां कुल 1 लाख 80 हजार 198 मीट्रिक टन सोयाबीन खरीदा जा चुका है। इसके बाद उज्जैन संभाग में 1 लाख 49 हजार 974.54 मीट्रिक टन सोयाबीन खरीदा गया है। सागर संभाग में 93 हजार 495 मीट्रिक टन, नर्मदापुरम संभाग में 93 हजार 287 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन खरीदी हुई है। अब तक किसानों को 1957.1 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। सोयाबीन की समर्थन मूल्य 4892 रुपए प्रति क्विंटल है। सीएम डॉ. यादव ने बैठक में कहा कि मप्र में सोयाबीन उत्पादन में पिछले सालों में बढ़ोतरी हुई है। इसलिए राज्य सरकार आगे भी सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को सोयाबीन के अलावा दलहन और तिलहन फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन देने पर काम करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई योजना बनाई जाए। उद्यानिकी फसलों में किसानों को ज्यादा आय होती है, किसानों को इसकी जानकारी दी जाए।

# पालक महासंघ का आज भोपाल में धरना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जबलपुर में कलेक्टर ने निजी स्कूलों पर शिकंजा कसते हुए अभिभावकों से वसूली गई अधिक फीस वापस दिलवाई है। अब भोपाल के अभिभावक भी अधिक फीस वसूलने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई करने और अभिभावकों को अतिरिक्त फीस वापस दिलवाने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर पालक महासंघ के बैनरतले अभिभावक 29 दिसंबर को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर धरना देंगे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा और भोपाल जिला अध्यक्ष अतुल शर्मा ने बताया कि निजी स्कूलों की पूरे प्रदेश में मनमानी है। भोपाल में भी स्कूलों ने सुविधाओं से ज्यादा फीस वसूल की है। कई स्कूलों में बच्चों ने कम्प्यूटर लैब तक नहीं देखा और स्कूल कम्प्यूटर एजूकेशन के नाम पर मोटी फीस वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे जबलपुर कलेक्टर ने सख्ती दिखाई और साल 2018 से 2024 के बीच स्कूलों द्वारा वसूली गई अतिरिक्त फीस अभिभावकों को वापस दिलवाई है, वैसा ही भोपाल और अन्य जिलों में क्यों नहीं हो सकता है।

विश्वकर्मा कहते हैं कि स्कूल फीस हर घर से जुड़ा मामला है और जबलपुर कलेक्टर ने इस दिशा में अच्छा काम कर उदाहरण पेश किया है। फिर दूसरे कलेक्टर ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं? उन्होंने बताया कि भोपाल में हालात बहुत बद्तर हैं। यहां स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों से संपरीक्षित लेखे एजुकेशन पार्टल के माध्यम से मांगे गए थे। 15000 स्कूलों ने जानकारी ही नहीं दी। फिर भी विभाग कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। जिला प्रशासन ने बस्ते के वजन की जानकारी मांगी थी, जो स्कूलों ने नहीं दी। वे कहते हैं कि स्कूल शिक्षा मंत्री ने फीस रेग्यूलेशन एक्ट में संशोधन करवा कर नई विभागीय समिति का गठन कर दिया है।

# मध्यप्रदेश में साल 2025 में 15000 पदों पर भर्ती

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में साल 2025 में सरकारी नौकरियों में बंपर भर्ती होगी। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) 15 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती करेगा। मंडल ने 15 परीक्षाओं का कैलेंडर भी जारी किया है। ईएसबी ने जिन पदों के लिए कैलेंडर जारी किया है, उनमें स्कूल शिक्षक, आईटीआई, वन, पुलिस, जेल, महिला-बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग शामिल हैं। फरवरी से भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो दिसंबर तक चलेगी। कुछ विभागों में भरे जाने वाले पदों की संख्या अभी तय नहीं हुई है। माध्यमिक शिक्षकों के 10 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें खेल, गायन-वादन और नृत्य समेत विषय विशेषज्ञों की चयन परीक्षा भी होगी। प्राथमिक शिक्षकों के लिए भी चयन परीक्षा होगी, पर संख्या तय नहीं है। नर्स के 2267 पद हैं। प्रदेश में एक लाख पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत ऊर्जा विभाग ने की है। विभाग ने एमपी ऑनलाइन के जरिए तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के 2573 खाली पदों के लिए दिसंबर में विज्ञापन भी जारी कर दिया था। यह भर्ती पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जरिए की जा रही है। इसमें कैंडिडेट्स 23 जनवरी 2025 तक अप्लाई कर सकते हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसी महीने कहा था कि एक लाख पदों पर भर्ती के लिए एमपीपीएससी और कर्मचारी चयन मंडल को रिक्वॉयरमेंट भेज दी गई है। सीएम के फैसले के तहत विभागों ने भर्ती संबंधी प्रस्ताव भेजने का काम तेज कर दिया है। जल्द ही विज्ञापन निकाले जाने की तैयारी है। शिक्षा विभाग में भी 35, 357 पद भरे जाएंगे। इसके बाद ईएसबी ने भी कैलेंडर जारी करते हुए विभागवार खाली पदों की संख्या साफ कर दी।

सरकार को अब तक 35 विभागों में 54 हजार 410 पद खाली होने की जानकारी मिली है। ये विभाग ऐसे हैं, जहां आउटसोर्स या संविदा पद से भर्ती करने की बजाय सीधी भर्ती के पद खाली पाए गए हैं। इसके अलावा दूसरे विभागों के प्रस्ताव आने के साथ भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजने का काम शुरू कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से जुटाई गई विभागवार जानकारी में यह बात सामने आई है कि वर्तमान में 3 हजार 675 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चालू है। इसके लिए कर्मचारी चयन मंडल और मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) को जानकारी भेजी गई है।

# 1 जनवरी से पेपरलेस होगा मंत्रालय, स्कैन कर अपलोड किए जा रहे सभी दस्तावेज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** 1 जनवरी से मंत्रालय में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने की तैयारी है। हाल में हुई बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागों को नए साल से ये व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। सभी विभागों में दस्तावेज स्कैन करके ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया चल रही है। 1 जनवरी से कार्यवाही पेपरलेस होनी है, यानी फाइलों का भौतिक मूवमेंट बंद हो जाएगा।

हालांकि वित्त, वन, कृषि, राजस्व, पीडब्ल्यूडी जैसे विभाग काफी समय से ई-ऑफिस व्यवस्था पर काम कर रहे हैं । इन विभागों में ई ऑफिस का सबसे नया 7.0 वर्जन अपडेट किया गया है। वहीं नगरीय प्रशासन, जल संसाधन, खनिज, स्कूल, उच्च-तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, पीएचई, उद्योग संवर्धन जैसे विभागों में लगातार दस्तावेज व्यवस्था तैयार की जा रही है। ट्रांसफर -पोस्टिंग और रिटायरमेंट जैसे बदलाव अपडेट किए जा रहे हैं। सभी तरह के स्टाफ की ट्रेनिंग देकर उन्हें ई ऑफिस उपयोग करने के तरीके और फायदे बताए गए हैं। अग्निकांड या अन्य दुर्घटना में ई ऑफिस का रिकॉर्ड नष्ट होता है तो उसकी रिकवरी आसान हो जाएगी। अलग सर्वर में सारा डाटा सुरक्षित होगा। जबकि सतपुड़ा और बाद में मंत्रालय में लगी आग के बाद पुराना डाटा रिकवर करने में बहुत दिक्कत आई थी। साथ ही भौतिक फाइलें भी सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके अलावा किसी विशेष फाइल में जो भी एंट्री करते जाएंगे, वह अपने आप ऑटो सेव हो जाएगी। दूसरे चरण में सभी विभाग प्रमुखों के कार्यालय और तीसरे चरण में सभी जिला स्तर के कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली में लाया जाएगा। पहले चरण में सिर्फ मंत्रालय में व्यवस्था लागू होगी। अभी बहुत सारे विभाग हाइब्रिड मोड यानी भौतिक फाइल के साथ ई फाइल के द्वारा काम कर रहे हैं। 1 जनवरी से सभी भौतिक फाइलें ई फाइल में बदल दी जाएंगी।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर मेडिकल इमरजेंसी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर बने इमरजेंसी मेडिकल रूम ने एक गर्भवती महिला की जान बचाई। महिला तेलंगाना एक्सप्रेस से सफर कर दिल्ली जा रही थी। तभी उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसे तुरंत इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया। इससे उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, 27 दिसंबर की रात तेलंगाना एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12723) में 27 वर्षीय गर्भवती शिवा सफर कर रही थी। शिवा पति अंजार अहमद के साथ बी5 कोच में हैदराबाद से नई दिल्ली जा रही थी। रात में औबेदुल्लागंज स्टेशन के पास अचानक उन्हें तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा पैदा हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वाणिज्य कंट्रोल ने तुरंत एसएस कमर्शियल अशोक नागर को सूचना दी।



उन्होंने तत्परता दिखाते हुए भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 स्थित इमरजेंसी मेडिकल रूम से संपर्क किया।


जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहुंची, हेड टीसी महेंद्र सिंह राजपूत और इमरजेंसी मेडिकल रूम की टीम महिला को मेडिकल रूम में लेकर गए। महिला को प्राथमिक उपचार ट्रेन में ही दिया गया और बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचाया। मामला बेहद संवेदनशील था, लेकिन मेडिकल टीम की कार्रवाई से महिला की जान बचाई जा सकी। टीम में डॉ. अमन मिश्रा और एक महिला कंपाउंडर शामिल थीं, जो स्ट्रेचर के साथ पहले से तैयार थीं।

अथर्व ज्योति अस्पताल के डॉ. मिश्रा ने बताया, भोपाल रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी मेडिकल रूम यात्रियों के लिए जीवनरक्षक साबित हो रहा है। बता दें कि इमरजेंसी मेडिकल रूम को 24 दिसंबर से ही शुरू किया गया है।

# उज्जैन आईटीआई में मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी लैब होगी स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उज्जैन आईटीआई में मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी लैब स्थापित की जाएगी। मध्य प्रदेश में तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने के लिए सीमेंस फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और कौशल विकास संचालनालय के बीच महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इसके तहत उज्जैन स्थित शासकीय संभागीय आईटीआई में स्थापित की जाने वाली एक अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी लैब डिजाइन, सीएनसी प्रोग्रामिंग, 3डी प्रिंटिंग और डिजिटल टेक्नोलॉजीज के माध्यम से कौशल विकास को नई दिशा देगी। यह पहल प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मानकों पर आधारित तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाने का प्रयास है। मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी लैब को सीमेंस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीएसआर से बनाया जाएगा। यह लैब औद्योगिक डिजिटलीकरण और उन्नत तकनीकों का केंद्र बनेगी। इसमें छात्रों को डिज़ाइन और माडलिंग कौशल विकसित करने के लिए सीएडी तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लैब में एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, 3डी प्रिंटिंग की अत्याधुनिक तकनीकों पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो छात्रों को उत्पाद निर्माण की नई प्रक्रियाओं से परिचित कराएगा। इसके अलावा, डिजिटल कौशल और इंडस्ट्री 4.0 के अनुरूप आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर, छात्रों को भविष्य के उद्योगों की जरूरतों के लिए तैयार किया जाएगा। कौशल विकास संचालनालय और सीमेंस लिमिटेड के बीच इंडो-जर्मन इनिशिएटिव फार टेक्निकल एजुकेशन (इग्निट) प्रोग्राम के दूसरे चरण के तहत द्विपक्षीय समझौता (एमओयू) भी हुआ। इस अवसर पर कौशल विकास संचालनालय के संचालक गिरीश शर्मा और सीमेंस लिमिटेड के धर्मवीर सिंह ने इस समझौते का आदान-प्रदान किया।इग्निट प्रोग्राम, जर्मन ड्यूल वीईटी (दोहरे व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण) माडल पर आधारित है। इस प्रोग्राम के तहत प्रदेश के चार प्रमुख इंडस्ट्री क्लस्टर- ग्वालियर/शिवपुरी, जबलपुर/कटनी, सागर/दमोह और रीवा/सतना के अंतर्गत 40 शासकीय आईटीआई का चयन किया गया है। इन संस्थानों में 10 प्रमुख ट्रेडों जैसे इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, फिटर, टर्नर, और वेल्डर के छात्रों को उद्योग आधारित इन-प्लांट प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# भोपाल से हैदराबाद तक दूसरी उड़ान 10 जनवरी से, इंडिगो ने जारी किया शेड्यूल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** इंडिगो ने भोपाल से हैदराबाद के बीच दूसरी उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने इसके लिए एयरपोर्ट अथारिटी से स्लाट लेने की औपचाकिता पूरा कर दी है। दो उड़ानें होने से सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। अब यात्रियों को कम किराये का लाभ मिल सकता है। वर्तमान में इंडिगो की एक उड़ान हैदराबाद रूट पर संचालित है। यह शाम 7.15 बजे हैदराबाद रवाना होती है। 10 जनवरी 2025 से प्रस्तावित दूसरी उड़ान दोपहर एक बजे हैदराबाद रवाना होगी। एयर इंडिया की सहयोग की कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी नव वर्ष में चार उड़ानें शुरू करने की तैयारी की है। कंपनी ने हैदराबाद के अलावा बेंगलुरू, दिल्ली एवं मुंबई उड़ान का स्लाट लिया है। फरवरी के पहले सप्ताह में कंपनी कम से कम दो उड़ानों के साथ भोपाल में दस्तक दे सकती है। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार कंपनी को एयरपोर्ट पर जगह आवंटित की जा चुकी है। जल्द ही कंपनी कार्यालय खोलेगी। उड़ानें भी शुरू होंगी।

# दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट

## पिता-पुत्र घायल, पुलिस पर लगाया शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के गुलगंज थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को दो पक्षों में विवाद हो गया था। इसके बाद हुई मारपीट में पिता-पुत्र घायल हो गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने थाने में केस दर्ज नहीं किया। वहीं जिला अस्पताल में डॉक्टर ने शिकायत दर्ज करने के बाद ही इलाज करने की बात कही।





ग्राम पंचायत बांदा निवासी शिवलाल पिता गज्जू अहिरवार (55) ने बताया कि वह और उसका बेटा राजेश अहिरवार खेती और मजदूरी करते है। शनिवार की शाम को गांव में दो पक्षों में विवाद हुआ था। तभी गांव के छन्नू अहिरवार ने एक लड़के को थप्पड़ मारकर फरार हो गई। उसने आरोप लगाया कि इस बात से नाराज ग्राम पंचायत विक्रमपुरा के सरपंच लखन अहिरवार और 2 महिलाओं सहित 8 लोगों ने रात 8 बजे छन्नूलाल की गांव में तलाश की। जब वह नहीं मिला शिवलाल के घर में घुसकर दोनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी।

**पुलिस पर शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप:** शिवलाल ने आरोप लगाया कि मारपीट की घटना के बाद वह अपने बेटे के साथ गुलगंज थाने शिकायत करने के पहुंचा। जहां पुलिस ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए वहां से भगा दिया। जिसका उनके पास वीडियो भी हैं। इसके बाद रविवार की दोपहर 1 बजे शिवलाल और उसका बेटा राजेश घायल अवस्था में इलाज करने के लिए जिला अस्पताल आए, जहां डॉक्टर ने उसे रिपोर्ट करने के लिए वापस गुलगंज भेज दिया।

## 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

### गांजा तस्करी के मामले में था फरार, छत्तीसगढ़ से दबोचा

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** आदिवासी क्षेत्र कुसमी थाना क्षेत्र में गांजा बेचने के आरोप में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार रुपए का इनाम भी रखा था। पूरा मामला थाना कुसमी का है। जहां एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी राजकुमार उर्फ राजू झांसी को जनकपुर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी पुलिस को चकमा देकर बचता जा रहा था और गिरफ्तार नहीं हुआ था।

इसके बाद सितंबर के महीने में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इसे पकड़ने के लिए पांच हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। जिसके बाद रविवार के दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



थाना प्रभारी कुसमी भूपेश बैस ने बताया है कि मझौली न्यायालय से स्थाई वारंट आरोपी के खिलाफ जारी किया गया था। जहां न्यायालय में पेश होने से यह बचा रहा था और उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। इसके बाद सीधी एसपी ने इसके ऊपर इनाम भी रखा था। अब आखिरकार इसे गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय के समक्ष इन्हें पेश किया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के प्रति प्रगट की गहरी शोक संवेदना

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** कांग्रेस कमेटी के कामगार प्रकोष्ठ के रीवा जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री डॉ मनमोहन सिंह जी के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रगट करते हुए कहा कि भारत के 14वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक दशक से अधिक समय तक अभूतपूर्व वृद्धि और विकास का नेतृत्व किया। डॉ. सिंह के नेतृत्व में भारत ने अपने इतिहास में सबसे अधिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7% रही और लगभग दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गई।



भारत के 14वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक दशक से अधिक समय तक अभूतपूर्व वृद्धि और विकास का नेतृत्व किया। डॉ. सिंह के नेतृत्व में, भारत ने अपने इतिहास में सबसे अधिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7% रही और लगभग दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गई। डॉ. सिंह के सत्ता में आने के बाद भारत दसवें स्थान से उछलकर 2014 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठा। डॉ. सिंह के भारत के विचार के मूल में सिर्फ़ उच्च विकास ही नहीं बल्कि समावेशी विकास और ऐसी लहरों का विश्वास था जो सभी नावों को ऊपर उठा सकें। यह विश्वास उन विधेयकों के पारित होने में निहित था, जिन्होंने नागरिकों को भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित किया। डॉ. सिंह की अधिकार-आधारित क्रांति ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत की।

## फांसी के फंदे पर मिला युवक का शव

### पिता बोले- सुबह हमारे साथ चाय पी, बिस्तर उठाने कमरे में गया तो निकला ही नहीं



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के मरसरहा गांव में 30 साल के युवक का शव फांसी के फंदे पर मिला। बहरी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी राकेश बैस के मुताबिक, परिजनों को संजय द्विवेदी का शव उसके घर के पंखे पर लटकता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद डायल 100 के जरिये पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाया।

संजय के पिता जगन्नाथ द्विवेदी ने बताया कि रोज की तरह सुबह उठ कर उसने हमारे साथ चीय पी। फिर सुबह 8 बजे घर के अंदर बिस्तर सहेजने के लिए चला गया। आधे घंटे तक बाहर नहीं निकला, तब हमने जाकर देखा। उसका शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ दिखाई दिया। पिता ने बताया कि 4 साल पहले उसकी शादी हुई थी। पत्नी इस समय मायके में थी। फिलहाल घर में ऐसी कोई परेशानी नहीं थी। उसने यह कदम क्यों उठाया, कोई समझ नहीं पा रहा।

# थर्टी फर्स्ट के कार्यक्रम का विरोध

## सनातन मंच ने कहा- यह कार्यक्रम हमारी संस्कृति का अपमान

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में 31 दिसंबर की रात होने वाले कार्यक्रम का सनातन मंच ने विरोध किया है। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए सनातन मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसा अश्लील और फूहड़ कार्यक्रम सिंगरौली में नहीं होने देंगे।

आयोजकों के खिलाफ प्रशासन से शिकायत की जाएगी। कार्यकर्ता विजय लक्ष्मी शुक्ला ने कहा कि यह हमारी संस्कृति के खिलाफ है। सिंगरौली शृंगी ऋषि की तपो भूमि है। यहां हम ऐसे फूहड़ और अश्लील कार्यक्रम किसी भी हालत में नहीं होने देंगे। सनातन प्रेमी मंच इसका पुरजोर विरोध करेगा।



बता दें कि सिंगरौली जिले में 31 दिसंबर की रात 7 बजे से काउंटडाउन 2025 के नाम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अलोहाना जो ब्राजील की मॉडल हैं, उनके साथ पडिल्ला जो अर्जेंटीना की चर्चित स्टार हैं, वे सिंगरौली आकर परफॉर्म करने वाली हैं। इस कार्यक्रम में कॉकटेल का भी इंतजाम किया गया है। कार्यक्रम के शहर भर में पोस्टर बैनर लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में एंट्री फीस भी रखी गई है। सनातन मंच इस पूरे कार्यक्रम को रद्द करने की मांग कर रहा है। वहीं आयोजक सिद्धांत शुक्ला ने बताया कि प्रशासन की जो भी गाइडलाइन होगी, कार्यक्रम उसके हिसाब से होगा। जैसा हमारे कार्यक्रम को प्रचारित किया जा रहा है, वैसा बिलकुल भी नहीं है।

## मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क रच रहा है नए कीर्तिमान



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल निप्र।** मध्य प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कौशल विकास के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। इसी दिशा में, राज्य के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क प्रदेश का प्रमुख कौशल विकास केंद्र बनकर उभरा है। मंत्री गौतम टेटवाल ने ग्लोबल स्किल्स पार्क को प्रदेश और देश के कौशल विकास मानचित्र पर शीर्ष स्थान पर स्थापित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य है कि ग्लोबल स्किल्स पार्क से प्रशिक्षित छात्र केवल नौकरी करने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। कौशल विकास के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है।"

ग्लोबल स्किल्स पार्क में छात्रों को सौ प्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त हो रही है। विशेष रूप से एडवांस प्रिसीजन इंजीनियरिंग कोर्स के छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर मिले हैं। ग्लोबल स्किल्स पार्क में 9 नए कोर्स शुरू किए गए हैं, जिनमें तकनीकी कौशल और समग्र विकास पर जोर दिया गया है। इन कोर्सेज में प्रशिक्षकों को सिंगापुर के ईटीईएस संस्थान में उन्नत तकनीकी और पेडागॉजी प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि छात्रों को उच्चतम गुणवत्ता का प्रशिक्षण मिल सके।

### पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

## मारपीट, अवैध वसूली समेत 7 मामले दर्ज, कोर्ट ने भेजा जेल




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में रविवार को भगवा थाना पुलिस ने एक फरार आरोपी की गिरफ्तारी का खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मारपीट, अवैध वसूली और जुआ सहित 7 मामले पहले से दर्ज थे। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पैसों की मांग और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया था, लेकिन आरोपी घटना के बाद से फरार था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

**7 मामले पहले से दर्ज:** शनिवार को पुलिस ने आरोपी खैरी गांव निवासी मोटू राजा उर्फ राघवेंद्र सिंह पिता वीर सिंह बुंदेला को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मारपीट, जुआ और एससी-एसटी एक्ट के तहत 7 मामले पहले से दर्ज थे। रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का किया जा रहा आयोजन: सीएमएचओ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी डॉ सुनीता तिवारी ने बताया कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिवार को अतिरिक्त 5 लाख तथा वार्षिक टॉप अप कवरेज हेतु आयुष्मान कार्ड शिविर जनपद पंचायत सीधी में 30 दिसंबर 2024, जनपद पंचायत सिहावल में 7 जनवरी 2025, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 9 जनवरी 2025, जनपद पंचायत मझौली में 12 जनवरी 2025, जनपद पंचायत कुसमी में 16 जनवरी 2025, नगर पालिका परिषद सीधी में 10 जनवरी 2025 को समय 10 से 5 तक आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उन्होंने उक्त दिवस में सभी जनमानस से अपील किया है कि अधिक से अधिक 70 एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिक जिनका कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है और जिन्हें कार्ड बनवाने में असुविधा हो रही है, शिविर में पहुंचकर सरलता से निःशुल्क अपना कार्ड बनवाएं।

## महंत को धमकी, बिश्नोई गैंग से एनकाउंटर करवा दूंगा

### पूर्व पुजारी 40 हजार रुपए और मंदिर का रिकॉर्ड लेकर भागा

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के जानराय टौरिया के महंत ने रविवार को पुलिस से एक पुजारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने धनुषधारी मंदिर के पूर्व पुजारी पर मंदिर का रिकॉर्ड और 40 हजार रुपए लेकर भाग जाने का आरोप लगाया है। पुजारी को मंदिर से निकाले जाने के बाद वह सोशल मीडिया और कॉल कर के महंत को धमकी दे रहा था। जिसकी पुलिस से शिकायत की गई है। कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भगवान दास वैष्णव जानराय टौरिया में 35 वर्षों से महंत का काम कर रहे हैं। उनके कार्य क्षेत्र में 12 मंदिरों की व्यवस्था की जाती है। इसी के अंतर्गत संकट मोचन की धनुषधारी मंदिर भी उन्हीं के क्षेत्र में आता है। महंत ने पहले बांदा के रहने वाले प्रतिश त्रिपाठी (परमात्मा दास माहाराज) को उस मंदिर का महंत बनाया गया था। हालांकि, अभद्र व्यवहार के कारण बाद में उसे हटा दिया गया।



**40 हजार रुपए और रिकॉर्ड बुक लेकर भागा पुजारी:** भगवानदास महंत ने बताया कि प्रतिश ने मंदिर में गंदगी की और महिलाओं से अभद्रता की। तब उसे मंदिर से हटा दिया गया। जिसके बाद वह मंदिर की दुकानों के किराए के 40 हजार रुपए और हिसाब-किताब के रजिस्टर लेकर रफू-चक्कर हो गया।

**महंत ने पुलिस को शिकायत में कहा-** "अब प्रतिश (परमात्मा दास) मुझे फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसका कहना है कि वह बिश्नोई गैंग का 13 नंबर का सदस्य बन चुका हूं। इसीलिए मैं अपनी और मंदिरों की सुरक्षा के लिए सिटी कोतवाली में शिकायत करने आया हूं।"

**पुजारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज:** सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि पूर्व पुजारी प्रतिश त्रिपाठी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएस 2023 316(2),351(3) में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# 30 से 1 जनवरी तक नहीं होगी धान खरीदी

## बारिश की संभावना के चलते जिलेभर के क्रेंद बंद रहेंगे, माल का उठाव होगा

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। जिले में धान उपार्जन के लिए 34 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। 10 हजार 785 किसानों से अब तक 55067.5 एमटी धान खरीदी गई है।

**तीन नहीं होगी धान खरीदी:** जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया है कि बारिश की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन के उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध धान के सुरक्षित भंडारण के लिए 30-31 दिसंबर 2024 और 1 जनवरी 2025 को (केवल तीन दिवस) समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन कार्य स्थगित किया गया है।



**किसानों की दी गई सूचना:** तीन दिनों तक धान विक्रय करने के लिए जिन किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया है। उनके स्लॉट की वैधता अवधि पांच कार्य दिवस बढ़ाई गई है। इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से किसानों को दी जा रही है। 2 जनवरी 2025 से किसानों से नियमित रूप से धान खरीदी जाएगी।

**23 जनवरी तक होगी खरीदी:** ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का अवसर देने के लिए उपार्जन की अंतिम तारीख 20 जनवरी 2025 को बढ़ाकर 23 जनवरी 2025 तक कर दी गई है।

### जनकल्याण शिविर में आमजनता के आवेदनों में हो रही कार्यवाही

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में मु यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिस बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है।

जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी सपना त्रिपाठी ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत हर्दी न बर एक में लगाए गए शिविर में 178 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें संबल योजना, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य विभाग तथा आयुष्मान योजना के आवेदन पत्र दर्ज किए गए।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक 16416 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिस बर से 26 जनवरी तक मु यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिस बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिस बर से 28 दिस बर तक आयोजित शिविरों में कुल 21095 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 16416 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 4379 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 297 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 18397 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 13930 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 9887, रायपुर कर्चुलियान में 1397, रीवा में 1315, सिरमौर में 1356, गंगेव में 1220 तथा जवा में 3222 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 9577, रायपुर कर्चुलियान में 827, रीवा में 508, सिरमौर में 478, गंगेव 951 तथा जवा में 1589 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 2698 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 2486 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 1768, नगर पंचायत सिरमौर में 15, गुढ़ में 189, मनगवां में 95, गोविंदगढ़ में 15, सेमरिया में 122, चाकघाट में 181, त्योंथर में 65, डभौरा में 137 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 111 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 1745, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 187, मनगवां में 95, गोविंदगढ़ में 13, सेमरिया में 100, त्योंथर में 49, डभौरा में 100, चाकघाट में 77 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 111 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं।

# विचार

## देश में 'डिजीटल अरैस्ट' और 'साइबर स्लेवरी' द्वारा लोगों को लूट रहे 'साइबर अपराधी'

देश में 'डिजीटल अरैस्ट', 'साइबर स्लेवरी' आदि 'साइबर अपराध' तेजी से बढ़ रहे हैं। 'डिजीटल अरैस्ट' के मामलों में अपराधी स्वयं को पुलिस, सी.बी.आई., इंकम टैक्स अधिकारी आदि बता कर लोगों से व्हाट्सऐप, स्काइप आदि प्लेटफार्मों पर वीडियो कॉल द्वारा सम्पर्क करके उन्हें आर्थिक धोखाधड़ी, टैक्स चोरी या अन्य कानूनों के उल्लंघन का हवाला देकर डिजीटल गिरफ्तारी की धमकी देते हैं। ये जालसाज लोगों पर गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने किसी बैंक खाते में बड़ी रकम भेजने का दबाव बनाते हैं और उन्हें ठगने के बाद गायब हो जाते हैं। ऐसी ही ठगी के चंद ताजा उदाहरण निम्न में दर्ज हैं =

* 18 दिसम्बर को बेंगलुरू में जालसाजों ने स्वयं को सी.बी.आई. अधिकारी बता कर मनी लांड्क्षड्रग का केस दर्ज करने का भय दिखाकर एक महिला को 'डिजीटल अरैस्ट' करके उसके बैंक खाते का विवरण हासिल कर लिया और जांच-प्रक्रिया के नाम पर उससे 1.24 करोड़ रुपए ठग लिए।

* 19 दिसम्बर को इंदौर में एक साफ्टवेयर इंजीनियर को साइबर अपराधियों का एक ऑनलाइन कॉल आया जिसमें उससे कहा गया कि कस्टम द्वारा रोके गए उसके नाम पर आए पार्सल में ड्रग्स और कई संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। साइबर ठगों ने उसे 3 दिनों तक 'ऑनलाइन अरैस्ट' रख कर उससे लगभग एक लाख रुपए ठग लिए।

* 20 दिसम्बर को देहरादून में साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड महिला बैंक कर्मचारी को 5 दिनों तक 'डिजीटल अरैस्ट' कर उससे 31 लाख 31 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। ठगों ने उसे डराया कि उसके खाते में 2 करोड़ रुपए का अवैध रूप से लेन-देन हुआ है।

* 23 दिसम्बर को बेंगलुरू में एक साफ्टवेयर इंजीनियर 'डिजीटल अरैस्ट' का शिकार हो गया। जालसाजों ने पहले स्वयं को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ( ट्राई ) और फिर पुलिस अधिकारी बता कर दावा किया कि आधार कार्ड से जुड़े उसके सिम कार्ड का इस्तेमाल अवैध विज्ञापनों और अभद्र संदेश भेजने के लिए किया गया था।


जालसाजों ने मामला गोपनीय रखने की हिदायत के साथ ही डिजीटल तरीके से जांच में सहयोग न करने पर उसे गिरफ्तार कर लेने की धमकी भी दी और इसके बाद इसी तरह के बहानों से उसके बैंक खातों से 11.8 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जब जालसाजों ने और रकम की मांग की तब कहीं जाकर इंजीनियर को धोखाधड़ी का शिकार होने का एहसास हुआ

# संविधान, आरक्षण और डॉ अंबेडकर पर कांग्रेस की विकृत राजनीति हो रही बेनकाब

**मृत्युंजय दीक्षित**

**संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे के साथ समाप्त हो चुका है। अपनी आदत के अनुसार विपक्ष विरोध के नाम पर सदन से भी सियासी चिंगारी निकालने का प्रयास कर रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान पर चर्चा का आयोजन किया गया था जिसमें सापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने संविधान पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये।**





लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में संविधान, आरक्षण और डॉ. आंबेडकर पर कांग्रेस के विचारों को सप्रमाण सदन में रखा जिससे निरुत्तर हुई कांग्रेस ने राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन से 12 सेकेंड का एक टुकड़ा उठाकर उसे बाबा साहेब का अपमान बताते हुए गृहमंत्री के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। इस झूठे विमर्श को सच सिद्ध करने के प्रयास में पूरा विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में एक बार फिर एकजुट हो रहा है। यद्यपि दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप और कांग्रेस आमने सामने हैं किन्तु आप के नेता भी गृहमंत्री की कथित टिप्पणी का वीडियो बनाकर गली-गली में घुमा रहे हैं कि शायद इसका लाभ विधानसभा चुनाव में मिल जाए। गृहमंत्री के विरुद्ध उसी प्रकार का वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा जैसा 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को आरक्षण विरोधी व संविधान विरोधी साबित करने के लिए किया गया था। अब हर एक दल व नेता डॉ. आंबेडकर को भगवान बनाकर अपनी डूबती हुई राजनीतिक नैया को पार लगाने का स्वप्न देखने लगा है। गृहमंत्री अमित शाह के भाषण के अगले दिन राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा दलितों के प्रति अपना प्रेम दिखाने के लिए संसद परिसर में नीली टी शर्ट और नीली साड़ी पहनकर नमूदार हुए। उप्र में समाजवादी पार्टी भी भला पीछे क्यों रहती उसने भी डॉ. आंबेडकर की तस्वीरों के साथ यूपी विधानसभा में जमकर हंगामा किया ओर सदन की कार्यवाही ठप करने का प्रयास किया। गृहमंत्री के बयान के खिलाफ विपक्ष देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में बसपा नेत्री मायावती ने भी आक्रामक तेवर अपनाए हैं किन्तु वह सधे हुए बयान देकर कांग्रेस, भाजपा और सपा तीनों ही दलों को नसीहत दे रही हैं। बसपा नेत्री मायावती कांग्रेस पर हमलावर हैं, उनका कहना है कि बाबा साहेब की उपेक्षा करने वाली और देशहित में उनके द्वारा किये गये संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का बाबा साहेब के अपमान को लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा है। बहिन मायावती ने डॉ. आंबेडकर के प्रति प्रेम दर्शा रहे समाजवादियों की पोल भी खोलकर रख दी है, मायावती का मानना है कि आज सपाई बाबासाहेब के नाम पर पीडीए का पर्चा निकाल रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि सपा ने भी कभी भी डॉ. आंबेडकर का सम्मान नहीं किया था। समाजवादियों ने वास्तव में बाबा साहब सहित बहुजन समाज में जन्मे सभी महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों के प्रति द्वेष के तहत नए जिले, नई संस्थाओं व जनहित योजनाओं तक के नाम बदल डाले थे। सपा सरकार में तो डॉ. आंबेडकर का नाम तक सही नहीं लिखा जाता था।

कांग्रेस पार्टी आज नीली टी शर्ट व नीली साड़ी पहनकर इतराती हुई घूम रही है और उसे लग रहा है कि उसे वह मुद्दा मिल गया है जिससे उसकी वापसी की राह आसान हो जायेगी लेकिन कांग्रेस बहुत बड़े भ्रम में है। सभी जानते हैं यह वहीं कांग्रेस पार्टी है जिसने कभी भी डॉ. आंबेडकर का सम्मान नहीं किया और न ही संविधान का कभी मान रखा। आज कांग्रेस नीले कपड़े पहनकर दलित समाज को छलने के लिए निकल पड़ी है। अगर कांग्रेस पार्टी ने कभी भी डॉ. आंबेडकर का सम्मान किया होता तो आज उसकी यह दुर्गति न होती।

स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही कांग्रेस और डॉ. आंबेडकर के मध्य गहरे मतभेद उत्पन्न हो गये थे। कांग्रेस के साथ बाबासाहेब का प्रथम विवाद 1930 में गोलमेज कांफ्रेस के समय हुआ था। आंबेडकर अनुसूचित जाति के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र चाहते थे जबकि गांधी जी इसके विरोधी थे। गांधी जी ने आंबेडकर जी के खिलाफ आमरण अनशन तक किया था। 29 जनवरी 1932 को दूसरी गोलमेज सम्मेलन के बाद मुंबई में बाबा साहब ने कहा कि मुझे कांग्रेसी देशद्रोही कहते हैं, यानी आज जो बाबासाहब की फोटो लेकर राजनीति कर रहे हैं,उस समय उन्हें गद्दार कहते थे। संविधान सभा में आंबेडकर जी के चयन का रास्ता भी नेहरू जी ने ही रोका था। हिंदू कोड बिल और सरकार की दलित विरोधी मानकिता के चलते आंबेडकर ने 1951 में नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देते हुए लिखा, संरक्षण की सबसे अधिक जरूरत अनुसूचित जाति को है पर नेहरू का सारा ध्यान सिर्फ मुसलमानों पर है। ध्यान देने योग्य बात है कि आज भी कांग्रेस पार्टी पूरी तरह मुस्लिम परस्त है।

कांग्रेस स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी आंबेडकर जी का लगातार अपमान करती रही। बाबा साहब को 40 साल तक भारत रत्न के लिए इंतजार करना पड़ा जबकि कांग्रेस अपने ही परिवार को भारत रत्न देती रही। नई दिल्ली में गांधी नेहरू परिवार की पीढ़ियों के स्मारक बने हैं जबकि गांधी परिवार ने आंबेडकर जी का अंतिम संस्कार तक दिल्ली में नही होने दिया। कांग्रेस ने पग-पग पर डॉ. आंबेडकर के विचारों का धुर विरोध किया और आज राहुल गांधी नीली टी शर्ट पहनकर उनके अपमान पर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। वस्तुतः कांग्रेस का आंबेडकर के प्रति प्रेम 2019 लोकसभा चुनाव में हारने के बाद से उमड़ा है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस व विरोधी दलों के सभी आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि वह सपने में भी डॉ.आंबेडकर का अपमान नहीं कर सकते। संसद में चर्चा के दौरान यह तो सिद्ध हो गया है कि कांग्रेस ने न केवल जीते जी बाबा साहेब का लगातार अपमान किया वरन उनकी मृत्यु के बाद भी उनका मजाक उड़ाने का प्रयास किया। जब तक कांग्रेस सत्ता में रही बाबा साहेब का एक भी स्मारक नहीं बना जबकि जहां -जहां अन्य दलों की सरकारें आती गई वहां -वहां उनका स्मारक बनता चला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबासाहेब के जीवन से संबंधित पंचतीर्थ विकसित किये। जिसमें मध्य प्रदेश में महू, लंदन में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक, नागपुर में दीक्षा भूमि, दिल्ली में राष्टीय स्मारक और महाराष्ट के मुंबई में चैत्य भूमि का विकास किया। 19 नवंबर 2015 को पीएम मोदी ने डॉ. आंबेडकर के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की घोषणा की। आज जो लोग संविधान की किताब हाथ में लेकर घूम रहे हैं यही लोग संविधान दिवस का विरोध व बहिष्कार करते रहे हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व में आज संपूर्ण विपक्ष केवल वोटबैंक की राजनीति के कारण ही सदन में डॉ. आंबेडकर के अपमान का मुद्दा उछाल रहा है, क्योंकि देश में 20 करोड़ 13 लाख 78 हजार 86 दलित हैं जो आबादी का 16.63 फीसदी है। दलितो की आबादी का ग्रामीण क्षेत्रों में 68.8 फीसदी और शहरी क्षेत्रों में 23.6 फीसदी है। इस आबादी को अपना वोट बैंक बनाने के लिए आतुर कांग्रेस अपने साथियों के साथ मिलकर रोज नए नए स्टंट कर रही है क्योंकिउसको लगता है कि अकेले मुस्लिम वोट बैंक से उसे सत्ता नहीं मिल सकती।

# मोहन भागवत का बयान देश की एकता-अखंडता के लिए महत्वपूर्ण

**योगेंद्र योगी**

भारत विश्व में तेजी से उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ कदम बढ़ा रहा है। भारत को 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था के अलावा भारत ग्लोबल साउथ के नेतृत्व के तौर पर तेजी से उभर रहा है। खाड़ी के मुस्लिम देश भारत के महत्व और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से द्विपक्षीय रिश्तों को स्वीकार कर रहे हैं। यही वजह है कि भारत की इस ताकत को स्वीकारते हुए कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च कुवैती सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया है। यह किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड ऑर्डर है। इस मौके पर पीएम मोदी ने अरबी भाषा में प्रकाशित रामायण और महाभारत की कृति कुवैतियों को सौंपी। इसका अनुवाद और प्रकाशन भी कुवैती मुसलमान ने किया है।

भारत इस दृष्टि से विश्व को अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक सॉफ्ट पावर से अवगत करा रहा है। ऐसे में देश में चल रहे मंदिर-मस्जिद के ऐतिहासिक विवाद क्या भारत की इस तरक्की की रफ्तार में ब्रेक लगाने का काम करेंगे। इससे देश का सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ेगा। पूर्व में इसी तरह के सांप्रदायिक विवादों की भारत ने जान-माल के नुकसान और वैश्विक निवेश को लेकर संशय के कारण बड़ी कीमत चुकाई है। इसी आंशका के कारण राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने धार्मिक स्थलों पर गढ़े मुर्दे उखाड़ने को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की है। भागवत को अंदाजा है कि ऐसे विवाद से भारत की छवि को नुकसान होगा। इससे कहीं न कहीं प्रगति पर भी असर पड़ेगा। यही वजह है कि संघ की धार्मिक कट्टर छवि के बावजूद भागवत ने ऐसे मुद्दे उठाने वालों को तगड़ी लताड़ लगाई है। भागवत ने पुणे में हिंदू सेवा महोत्सव के उद्घाटन के दौरान कहा कि कहीं मंदिर-मस्जिद के रोज़ नए विवाद निकालकर कोई नेता बनना चाहता है तो ऐसा नहीं होना चाहिए, हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ रह सकते हैं। भागवत के भाषण की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि इस वक्त देश में संभल, मथुरा, काशी जैसे कई जगहों की मस्जिदों के प्राचीन समय में मंदिर होने के दावे किए गए हैं। इनके सर्वे की मांग हो रही है और कुछ मामले अदालतों में लंबित हैं।

भागवत ने कहा कि हमारे यहां हमारी ही बातें सही, बाक़ी सब ग़लत, यह चलेगा नहीं। अलग-अलग मुद्दे रहे तब भी हम सब मिलजुल कर रहेंगे। हमारी वजह से दूसरों को तकलीफ़ न हो इस बात का ख्याल रखेंगे। जितनी श्रद्धा मेरी मेरी ख़ुद की बातों में है, उतनी श्रद्धा मेरी दूसरों की बातों में भी रहनी चाहिए। भागवत ने ये भी कहा कि रामकृष्ण मिशन में आज भी 25 दिसंबर (बड़ा दिन) मनाते हैं, क्योंकि यह हम कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं और हम दुनिया में सब के साथ मिलजुल कर रह रहे हैं। यह सौहार्द अगर दुनिया को चाहिए तो उन्हें अपने देश में यह मॉडल लाना होगा। आरएसएस प्रमुख ने किसी विशेष विवाद का जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए हैं और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आए।



उन्होंने कहा, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य के दिन चले गए हैं। मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन इसी तरह की दृढ़ता से जाना जाता था। हालांकि उनके वंशज बहादुर शाह जफर ने 1857 में गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दिया था।

गौरतलब है कि राजस्थान के अजमेर शरीफ़ दरगाह से जुड़ा विवाद और संभल में एक मस्जिद से जुड़े ऐसे विवादित मुद्दों ने जोर पकड़ लिया था। अजमेर की एक स्थानीय अदालत ने अजमेर शरीफ़ दरगाह के नीचे मंदिर का दावा करने वाली याचिका को हाल ही में स्वीकार कर लिया था। कुछ ही दिन पहले उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद के बारे में भी इसी तरह का दावा किया गया था और जिला अदालत ने मामले में सर्वे का आदेश दिया था सर्वे के दिन ही संभल में हिंसा भी भड़की थी, जिसमें पुलिस ने चार लोगों की मौत की पुष्टि की थी। आरएसएस प्रमुख भागवत का यह बयान सभी को पच नहीं रहा है। दरअसल इस बयान ने हिन्दुत्व के नेतृत्व का विवाद पैदा कर दिया है। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि मैं मोहन भागवत के बयान से बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मोहन भागवत हमारे अनुशासक नहीं हैं। बल्कि हम उनके अनुशासक हैं। वहीं, उत्तराखंड में ज्योतिर्मठ पीठ के शंकरचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मोहन भागवत पर राजनीतिक रूप से सुविधाजनक रुख अपनाने का आरोप लगाया। सरस्वती ने कहा, जब उन्हें सत्ता चाहिए थी, तब वे मंदिरों के बारे में बोलते रहे। अब जब उनके पास सत्ता है तो वे मंदिरों की तलाश ना करने की सलाह दे रहे हैं।

अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मंदिर और मस्जिद का संघर्ष एक सांप्रदायिक मुद्दा है और जिस तरह से ये मुद्दे उठ रहे हैं, कुछ लोग नेता बनते जा रहे हैं। अगर नेता बनना ही इसका मक़सद है तो इस तरह का संघर्ष उचित नहीं है। लोग महज़ नेता बनने के लिए इस तरह के संघर्ष शुरू कर रहे हैं, तो यह सही नहीं है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक? यहां सब बराबर हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि बाकी संघ परिवार भागवत के बयान पर ध्यान देगा। कांग्रेस के ही एक और सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत को ये रचनात्मक सलाह उन लोगों को देनी चाहिए जो संविधान का अपमान कर रहे हैं ताकि देश में शांति और समृद्धि बनी रहे। आरएसएस प्रमुख का बयान ऐसे समय आया है जब सोशल मीडिया पर मंदिर-मस्जिद के जहरीले बयानों की बाढ़ आई हुई है।

# सड़क हादसे में 2 दोस्तों की मौत, कार जलकर राख

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार गाड़ी, सिर-माथे पर चोट, 2 की हालत नाजुक

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग निप्र।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 2 दोस्तों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं कुछ देर बाद कार में आग लग गई, जिससे गाड़ी जलकर राख हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र की है।





जानकारी के मुताबिक हादसे में अमित ताम्रकार (30) की मौत हुई है, जो दुर्ग के तमेरपारा निवासी था। वहीं आदित्य कसेर (33) की भी जान गई है, जो धमधा के वार्ड-13 का निवासी था। हादसे में किसी के सिर तो किसी के माथे पर गंभीर चोट लगी है।

**हादसे के बाद कार में लगी आग:** दरअसल, कार क्रमांक सीजी 07 बीके 7387 में 4 दोस्त सवार होकर दुर्ग से धमधा की तरफ जा रहे थे। शनिवार रात करीब 11.30 बजे मेडेसरा गांव के पास बने पावर ग्रिड के पास कार बेकाबू हो गई। कार में आग लगने से पेड़ भी जल गया है। हालांकि समय रहते सभी को कार से बाहर निकाल गया।

वहीं, कार में पीछे बैठे अनीश ताम्रकार और सुधांशु ताम्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें डायल-112 की मदद से दुर्ग जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से दोनों घायलों को भिलाई स्थित श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा शव:** मामले में पुलिस ने बताया कि हादसा बहुत भयंकर था। कार की कबाड़ में तब्दील हो गई है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। हादसे की जानकारी घरवालों को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टूटी क्रेन में दबे 2 ऑपरेटर, खौलते लावा में भी झुलसे

# रायपुर के हिंदुस्तान कॉइल्स लिमिटेड प्लांट में हादसा, बिहार-बिलासपुर के युवकों की गई जान

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में शनिवार देर रात हिंदुस्तान कॉइल्स लिमिटेड प्लांट में 2 ऑपरेटर क्रेन में दब गए। इस दौरान गर्म लावा से झुलसकर दोनों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि प्लांट में क्रेन टूटने की वजह से हादसा हुआ। मामला सिलतरा चौकी क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के मुताबिक मरने वालों में एक मजदूर बिहार का है, जिसका नाम सोनू राय (30) है। वह क्रेन ऑपरेटर था। वहीं दूसरे का नाम जितेंद्र श्रीवास (32) है, जो बिलासपुर का रहने वाला था। यह भी क्रेन ऑपरेटिंग का काम करता था। दोनों युवक किराए का मकान लेकर रहते थे। नाइट ड्यूटी में थे।

**कैसे हुआ हादसा:** सिलतरा चौकी के प्रभारी सब इंस्पेक्टर बालेश्वर लहरे ने दैनिक भास्कर को बताया कि रात 12 से 12.30 बजे के आस-पास ये घटना हुई। प्लांट में हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर हमारी टीम पहुंची। राहत बचाव कार्य शुरू किया। हिंदुस्तान कॉइल लिमिटेड कंपनी लोहे की प्लेट, एंगल और ब्लेड बनाने का काम करती है।

**गर्म लोहे के लावे को ट्रांसफर करते वक्त हादसा:** पुलिस ने बताया कि क्रेन में गर्म लोहे के लावे को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा रहा था। ट्रांसफर का काम चल ही रहा था, तभी क्रेन टूट कर जमीन पर गिर गई। दोनों क्रेन ऑपरेटर गर्म लावे की चपेट में आ गए। प्रबंधन से पूछताछ कर हादसे से जुड़ी जानकारी हासिल की जा रही है।

**पोस्टमॉर्टम के लिए अंबेडकर अस्पताल भेजे गए शव:** उन्होंने बताया कि क्रेन के मलबे में दबे ऑपरेटर्स के शवों को बाहर निकल लिया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अंबेडकर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

# ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

## दूसरा घायल, हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम करने की कोशिश

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में शनिवार देर रात बाइक सवार युवकों को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि, एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस की समझाइश के बाद सभी लौट गए। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार 2 युवक अपने घर जा रहे थे। दोनों युवक के नाम का पता नहीं चल सका है। हादसे के बाद माहौल काफी गर्म हो गया था। पुलिस को जानकारी मिलते ही जवान मौके पर पहुंचे। किसी तरह मामला शांत हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजवा दिया है।

**जेसीबी ने कमांडर को मारी टक्कर:** एक दिन पहले जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाइवे 63 पर एक जेसीबी ने सड़क किनारे खड़े कमांडर को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में कमांडर में सवार करीब 15 यात्री घायल हो गए थे। घायलों में महिलाएं भी शामिल थी। इनमें 4 की हालत गंभीर है। मामला बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र में हुआ था।



**कांकेर में सड़क हादसे में 5 की मौत:** शुक्रवार को कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में एक स्कॉर्पियो वाहन ने 2 बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस हादसे में बाइक सवार 2 युवती समेत कुल 5 स्टूडेंट्स की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि स्कॉर्पियो चालक भी घायल हुआ। उसे मामूली चोट आई। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

**3 दिन पहले 2 दोस्तों की हुई थी मौत:** जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाइवे पर 3 दिन पहले एक कार की ठोकर से 16 और 17 साल के 2 नाबालिग दोस्तों की मौत हो गई थी। ये दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिचनार घूमने जा रहे थे। इसी बीच मावलीभाटा के पास कार ने टक्कर मार दी थी।

# ब्रेक लगाया, तो बस से फेंकाकर पहिए के नीचे आई महिला, मौत



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में धान लोड ट्रक को बचाने के लिए जब बस ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, तो सामने सीट पर बैठी महिला शीशा तोड़ते हुए बाहर फेंका गई। जिससे बस के अगले पहिए के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के सामारूमा की है।

जानकारी के मुताबिक, ओडिशा के सुंदरगढ़ निवासी अभिनता साय (34) रविवार सुबह कुनकुरी जाने के लिए रायगढ़ बस स्टैंड से सितारा बस में सवार हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल, मामले की जांच कर रही है।

**कैसे हुआ हादसा:** बताया जा रहा है कि, बस सुबह करीब 6 बजे सामारूमा के पास पहुंची, तो रोड पर धान लोड खड़े ट्रक से बचने के चक्कर में बस के ड्राइवर ने ब्रेक दबाया, लेकिन बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि, ट्रक से बस के सामने का कुछ हिस्सा टकरा गया। इस दौरान सामने में बैठी अभिनता साय शीशे से बाहर गिर गई। बस के पहिए के नीचे आने से उसकी मौत हो गई।

**बस ड्राइवर मौके से भागा:** हादसे के बाद लोगों ने मामले की सूचना पूंजीपथरा पुलिस को दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो बस चालक मौके से भाग गया। इस मामले में पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि, जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो बस में कोई भी यात्री नहीं था। मृतका के परिजनों को सूचना दे दिया गया है। बस रायगढ़ की बताई जा रही है।

## 3 नदी पार कर अंदरूनी इलाके में पहुंची मेडिकल-टीम

# कैंप और घर-घर जाकर 1214 लोगों की स्वास्थ्य जांच की,टीबी के 45 संदिग्ध मिले



**मीडिया ऑडीटर, सुकमा एजेंसी।** 3 नदी, पहाड़ी और पगडंडी रास्तों का सफर तय कर सुकमा स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले के अंदरूनी और नक्सल प्रभावित इलाके सिरकेट्टी पहुंची। यहां मेडिकल कैंप लगाकर 157 और घर-घर जाकर कुल 1057 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें लगभग 45 ग्रामीण टीबी के संदिग्ध मिले हैं। साथ ही मलेरिया समेत अन्य बीमारियों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि, निक्षय निरामया छत्तीसगढ़ के अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान और उपचार अभियान के तहत सुकमा जिले में एनटीईपी, एनवीबीडीसीपी, पिरामल फाउंडेशन और लेप्रा सोसाइटी ने सिरसेट्टी के रेंगनपारा और पटेलपारा में स्वास्थ्य शिविर लगाया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इलाके के लगभग 1057 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर क्षय, मलेरिया, कुष्ठ, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की।

**सैंपल की भी की जांच:** वहीं, 45 क्षय रोग के संदिग्ध व्यक्तियों का बलगम सैंपल लिया गया। जांच के लिए जिला क्षय उन्मूलन केंद्र भेजा गया। इसके साथ ही शिविर में आने वाले लगभग 157 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को मौसमी बीमारी से सावधान रहने, रात में मच्छरदानी लगाकर सोने और अपने आस-पास साफ-सफाई रखने की समझाइश दी गई।

**ये डॉक्टर्स और स्टाफ थे शामिल:** स्वास्थ्य शिविर में क्षय उन्मूलन विभाग से जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश रॉय, मलेरिया विभाग से ब्लॉक टेक्निकल सुपरवाइजर मालती नेताम, सेक्टर सुपरवाइजर श्यामलाल ध्रुव, पिरामल फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश सोलंकी और लेप्रा सोसाइटी से जिला कार्यक्रम समन्वयक अमित कुण्डू थे।

# ग्राम चैनपुर में शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने के सम्बन्ध मे आम सूचना

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** तहसील मनेन्द्रगढ़ के ग्राम चैनपुर में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए 30 दिसंबर को कब्जा हटाने की कार्रवाई तय की है। यह कदम न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ के आदेश क्रमांक 202212330500038/अ-68/2021-22, 18 मई 2023 के तहत उठाया गया है।

इस आदेश में चंदन एवं श्याम, दोनों पुत्र सुदामा, निवासी चैनपुर, पर ग्राम चैनपुर स्थित खसरा नंबर 1, रकबा 0.802 हेक्टेयर में से 17*13 = 221 वर्गमीटर भूमि पर अवैध रूप से काबिज भूमि को हटाए जाने का आदेश किया गया हैं। न्यायालय ने इस कब्जे को हटाने के निर्देश दिए थे। प्रशासन ने कब्जा हटाने के लिए अनावेदकों को कई बार सूचित किया। ज्ञापन के माध्यम से अनावेदकों को कब्जा खाली करने का निर्देश दिया गया। लेकिन अब तक अनावेदकों द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया है। अंतिम सूचना पत्र क्रमांक 928/वाचक-1/2024 24 दिसंबर 2024 के अनुसार कब्जा हटाने की कार्रवाई 30 दिसंबर 2024 को की जाएगी। 30 दिसंबर 2024 सोमवार को दोपहर 12 बजे तक अवैध रूप से अतिक्रमण स्थल से सामग्री को हटा लिया जावे, इस दिन तहसील प्रशासन, पुलिस बल, और अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कब्जा स्वयं नहीं हटाया गया तो बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी और इसका समस्त व्यय कब्जाधारियों से वसूला जाएगा।

तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ ने सभी अवैध कब्जाधारियों को हिदायत दी कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 19 दिन में दूसरी बार पकड़ी गई नीली-बत्ती लगी कार

## पुलिस-लाइन से गाड़ी हटी, लेकिन बत्ती-पुलिस लिखा नेम प्लेट नहीं हटा रहे मालिक

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** दुर्ग जिले की ट्रैफिक पुलिस ने 19 दिनों के अंदर दो ऐसी कारें पकड़ी हैं। जिनमें पुलिस लाइन से हटाए जाने के बाद भी इन कारों पर नीली बत्ती लगी हुई थी। इतना ही नहीं, मालिक बत्ती लगाकर बुकिंग भी ले रहे थे।



ट्रैफिक एडिशनल एसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि, शनिवार को यातायात पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 13 सीयू 8280 को पकड़ी। जिसकी नेम प्लेट पर पुलिस लिखा और नीली बत्ती लगी हुई है। रायपुर एयरपोर्ट से बुकिंग लेकर दुर्ग आते समय कुम्हारी चौक पर रोकने की कोशिश की गई, लेकिन ड्राइवर कट मारकर आगे निकल गया।

**जाम लगवाकर पकड़ी गई कार:** ट्रैफिक पुलिस ने सिरसा गेट के पास तैनात दूसरी टीम को वायरलेस से सूचना दी, तो उस टीम ने भी सिरसा गेट चौक और डबरापारा चौक पर कार को रोकने का प्रयास किया। लेकिन ड्राइवर कार लेकर भागने लगा। जिसे ट्रैफिक एएसआई राजकुमार दुबे ने आरक्षक महेश यादव के साथ पीछा किया। आरक्षक जागेंद्र साहू को प्वाइंट देकर खुर्सीपार चौक पर जाम लगवाया। जहां कार को रोककर पकड़ा गया।

**पूछताछ करने पर ड्राइवर ने बताई सच्चाई:** जब ट्रैफिक एएसआई ने कार को खुर्सीपार चौक पर रोका। इसके बाद उसे पकड़कर ट्रैफिक टावर नेहरू नगर लाया गया। तब जामुल निवासी ड्राइवर जितेन्द्र दुबे ने पूछताछ में बताया कि, यह कार पहले पुलिस लाइन में किराए पर लगी थी। लेकिन हटने के बाद भी कार मालिक ने बत्ती को नहीं हटवाया। इसी तरह नीली बत्ती और सायरन लगाकर बुकिंग लेने लगा। यह सिलसिला कई महीनों से चल रहा था।

**19 दिन पहले पकड़ाई थी नीली बत्ती लगी इनोवा:** यह पहली घटना नहीं है, जब कोई फर्जी नीली बत्ती लगी कार को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा है। आज से ठीक 19 दिन पहले 8 दिसंबर 2024 को भी ट्रैफिक एएसआई राजकुमार दुबे ने ही एक नीली बत्ती लगी इनोवा गाड़ी सीजी 07 सीजे 9968 को पकड़ा था।

यह गाड़ी भी नीली बत्ती लगाकर बुकिंग लेकर लौट रही थी और तो और डिप्टी सीएम के काफिले में घुसकर उनकी सुरक्षा में सेंध लगा दी थी। डिप्टी सीएम के काफिले के साथ चलने की सूचना मिलते ही दुर्ग पुलिस अलर्ट हुई। सुरक्षा ड्यूटी में लगे ट्रैफिक एएसआई राजकुमार दुबे ने इनोवा कार को रोका और ट्रैफिक टावर लाया गया।

# तलवार से केक काटने वाला गिरफ्तार

## जन्मदिन पर देर रात सड़क पर मचाया था हुड़दंग, आर्म्स एक्ट में पुलिस ने भेजा जेल



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में एक युवक का सड़क पर खड़े होकर तलवार से केक काटने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक के हाथ में तलवार दिख रहा। इसमें दोस्तों के कंधे पर बैठकर हवा में तलवार लहराते भी नजर आया। पुलिस ने गोगांव निवासी डिगेश्वर पटेल उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तलवार भी जब्त किया है।

दरअसल, यह वीडियो 22 दिसंबर का गोगांव इलाके का है। विक्की पटेल ने खुद इसे अपने आईडी से वीडियो अपलोड किया था। आईडी का नाम बॉस है। इस वायरल वीडियो में दिख रहा है एक ही युवक सड़क पर तलवार से अपने सामने रखे केक को काट रहा है। वहीं, करीब दो-तीन दर्जन लड़के भी वहां पर मौजूद थे। इसके बाद सभी देर रात तेज धुमाल की आवाज में नाच रहे है।

**कंधे पर बैठकर तलवार लहराया:** इस दौरान तलवार पकड़े युवक को उसके दोस्तों ने कंधे पर उठा लिया। फिर वह हवा में लगातार तलवार लहरा रहा था। इस बीच तलवार लगने से कोई भी व्यक्ति घायल भी हो सकता था। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है।

**सोशल मीडिया पर न्यूसेंस फैलाने वालों पर हुआ था एक्शन:** रायपुर पुलिस तलवार और चाकू पकड़कर सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो अपलोड करने वालों के खिलाफ लगातार एक्शन मोड में है। रायपुर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने बीते हफ्ते शहर भर के बदमाशों को गंज थाने में बुलाकर फटकार लगाई थी। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा था कि सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वालों पर सख्त एक्शन होगा।

इसके अलावा इस मामले में एंटी क्राइम यूनिट के सोशल मीडिया पर नजर रखने वाली टीम को भी ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ संगीत नृत्य महोत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन

## कथक, वायलिन, बांसुरी और गायन की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में छत्तीसगढ़ संगीत नृत्य महोत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। शनिवार की शाम कार्यक्रम में कथक, वायलिन, बांसुरी और गायन की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।





कार्यक्रम के पहले सत्र में नृत्यधारा डांस एकेडमी की निर्देशिका आंचल पांडेय के नेतृत्व में छात्रा पूर्वी चंद्रा, अनन्या साव, रुचि देवांगन, संस्कृति पांडेय ने कथक नृत्य की भावभीनी प्रस्तुति दी। इसके बाद कार्तिक कथक नृत्य केंद्र बिलासपुर की छात्राएं नित्या खत्री, आयुषी दुबे, अंजनी मिश्रा और संचिता दास ने रायगढ़ घराने पर आधारित कथक नृत्य की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

दूसरे सत्र में प्रदेश के लोकप्रिय युवा वायलिन वादक महेंद्र मोंगरे, बांसुरी वादक पुष्पराज डडसेना और सुप्रसिद्ध तबला वादक रामचंद्र सरपे द्वारा विभिन्न राग-रागिनियों पर आधारित शास्त्रीय वादन की प्रस्तुति दी।

सम्मान सत्र में अतिथि पद्मश्री रामलाल बरेठ, डॉ. विनय कुमार पाठक और रश्मिलता मिश्रा ने आमंत्रित समस्त कलाकारों और विभिन्न सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया। इस आयोजन के अंतिम सत्र में विख्यात गायक सुगम शिवाले और गायिका श्वेता शिवाले ने अपनी टीम के साथ देर रात तक श्रोताओं को गीत-गजलों से बांधे रखा।

## हिमाचल में बर्फीला तूफान, अटल टनल बंद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बर्फबारी, ओलावृष्टि और बारिश से पूरा देश ठिठुर गया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों पर साल का सबसे भारी हिमपात हुआ। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर रविवार को 24 घंटे बाद फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हुआ। कम विजिबिलिटी के बावजूद 23 फ्लाइट समय पर हैं। 4 फ्लाइट डायवर्ट की गईं। बाद में दो 2 कैंसिल की गईं। शुक्रवार और शनिवार का मिलाकर 44 फ्लाइट रद्द की गईं थीं। एयरफोर्स ने सुबह से शाम 7 बजे तक ही फ्लाइट ऑपरेशन जारी रखने की परमिशन दी है। पिछले 24 घंटे में श्रीनगर में 8 इंच, गांदरबल में 7 इंच, सोनमर्ग में 8 इंच बर्फ गिरी। वहीं, पहलगाम में 18 इंच बर्फ गिरी। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। उधर, हिमाचल प्रदेश में शनिवार रात बर्फीला तूफान चला। 24 घंटे में रोहतांग के नॉर्थ और साउथ पोल पर 3 फीट से ज्यादा बर्फ जम चुकी है। अटल टनल पर आवाजाही बंद कर दी गई है। दूसरी ओर, राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश हुई। दिल्ली में शनिवार सुबह तक एक दिन में 41.2 मिमी बारिश हुई। यह दिसंबर में 101 साल में एक दिन में होने वाली सर्वाधिक बारिश है। मध्य प्रदेश के भोपाल में दिसंबर में 9 दिन शीतलहर चली। इसके कारण बीते 58 साल में दिसंबर सबसे ज्यादा ठंडा रहा। एमपी के जिलों में भी तेज बारिश और ओलावृष्टि हो रही है।

## देश में चल रहीं 136 वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि देश में अलग-अलग रूटों पर 136 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। इनमें से 62 अकेले 2024 में शुरू की गईं। भारतीय रेलवे ने 2024 के दौरान 3,210 किमी रेल ट्रैक इलेक्ट्रिफाई किया है। इसके साथ-साथ रेलवे विद्युतीकरण के ब्रॉडगेज नेटवर्क को 97 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए चल रही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1337 स्टेशनों को चुना गया है। इनमें से 1198 रेलवे स्टेशनों पर काम शुरू हो गया है। भारतीय रेलवे ने 2030 तक नेट जीरो कार्बन एमिटर बनने का लक्ष्य रखा है। नवंबर तक लगभग 487 मेगावाट सौर संयंत्र (छत और जमीन पर लगे) और लगभग 103 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र चालू कर दिए हैं। 2024-25 में भारतीय रेलवे के लिए कुल पूंजीगत व्यय 2,65,200 करोड़ रुपए है, जो बजट में आवंटित सबसे ज्यादा अमाउंट है। रिजर्वेशन में ई-टिकटिंग 86 प्रतिशत तक पहुंच गई है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए देश भर में गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) विकसित किए जा रहे हैं। अब तक 354 स्थानों (गैर-रेलवे भूमि पर 327 और रेलवे भूमि पर 27) की पहचान की गई है। अक्टूबर तक ऐसे 91 टर्मिनल चालू हो चुके हैं।

## डल्लेवाल बोले- सुप्रीम कोर्ट चाहता किसानों पर गोलियां चले

**पंजाब ( एजेंसी )।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन आज 34वें दिन में प्रवेश कर गया है। एक तरफ किसानों ने पंजाब बंद की तैयारी शुरू कर दी है। आज हरियाणा के हिसार के गांव बास में महापंचायत बुलाई गई है। इसके साथ ही किसानों को पंजाब बंद को लेकर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों का समर्थन मिलना शुरू हो गया है। शनिवार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने किसानों के समर्थन में 30 दिसंबर को अपने सभी कार्यालय बंद रखने की घोषणा कर दी है।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए जरूरतमंदों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए प्रदेश में गांव और वार्ड स्तर पर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 26 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। अभियान अंतर्गत जहाँ एक ओर योजनाओं से वंचित नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, वहीं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं का शिविर लगाकर निराकरण किया जा रहा है। अभियान में अब तक 7 हजार से अधिक शिविर लगाए जा



चुके हैं, जिनमें 3 लाख से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। आम नागरिकों तक सीधे पहुंचकर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी अमला जरूरतमंदों का सर्वेक्षण कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले एक वर्ष में सुशासन के प्रयासों से आमजन को शासन की योजनाओं और सेवाओं को सहज रूप से उपलब्ध कराने के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाअभियान के तीन चरण चलाये गये, जिसमें अभियान का तीसरा चरण प्रदेश में अभी चल रहा है। इसमें लाखों की संख्या में राजस्व संबंधी लंबित आवेदनों का निराकरण कर आमजन को राहत दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीब परिवारों को गरीबी के कुचक्र से बाहर लाने के लिये अनेक योजनाएँ संचालित कर हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है।

इसके लिए जरूरी है कि गरीब परिवारों को नागरिक सेवाओं की पहुंच के दायरे में लाया जाकर उनकी आर्थिक क्षमता बढ़ाई जाये। 卐सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास卐 वंचितों के जीवन में सुधार लाने की ठोस पहल की गई है, जिससे ज़रूरतमंदों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके।

# कांग्रेस बोली-मनमोहन को गन सैल्यूट के दौरान मोदी बैठे रहे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक विवाद के बाद कांग्रेस ने अब उनके उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार में सरकार की तरफ से अव्यवस्था और अनादर देखकर हैरानी हुई। खेड़ा ने 9 पॉइंट में अंतिम संस्कार से जुड़ी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के परिवार के लिए 3 ही कुर्सियां रखी गईं। परिवार के बाकी लोगों को



कुर्सियां मांगनी पड़ीं। इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी पर ये आरोप भी लगाया कि जब डॉ. सिंह की पत्नी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया और गन सैल्यूट दिया गया तो पीएम मोदी और मंत्री खड़े नहीं हुए। खेड़ा ने कहा कि डॉ. सिंह सम्मान और गरिमा के हकदार थे। इस अव्यवस्था से ये साफ होता है कि एक महान नेता के प्रति केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों में कितनी कमी है। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है।

## केजरीवाल बोले- भाजपा फर्जी वोटिंग करानी चाहती है

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा- दिल्ली में भाजपा ने ऑपरेशन कमल शुरू कर दिया है। वे इस बार फर्जी वोटिंग के सहारे जीतने का प्लान बना रहे हैं।

पूर्व सीएम ने कहा- पिछले 15 दिनों में वोटर्स के आंकड़ों में गड़बड़ी देखने को मिली है। इस दौरान 5000 नाम कटवाने और 7500 नए नाम जुड़वाने को लेकर चुनाव आयोग को एप्लिकेशन दी गई है। केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने



संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

## वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ प्रदर्शन का 5वां दिन

**रियासी ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ बंद रविवार को 5वें दिन भी जारी है। 18 प्रदर्शनकारियों को कटरा पुलिस ने 3 दिन पहले गिरफ्तार किया था, जिनकी रिहाई की मांग के लिए 5 अन्य प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर बैठ गए। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया है




और प्रशासन से बातचीत के जरिए मुद्दे को सुलझाने की बात कही है।

इस बीच, डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए कहा- रोपवे प्रोजेक्ट का फैसला गलत है। यदि कटरा के लोग रोपवे परियोजना नहीं चाहते हैं, तो श्राइन बोर्ड और एलजी को उनकी बात सुननी चाहिए और समस्याएं हल करनी चाहिए, क्योंकि इससे 40 हजार लोगों का रोजगार छिन जाएगा। दरअसल, वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं के मंदिर जाने के लिए कटरा में ताराकोट मार्ग और सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे का निर्माण करवा रहा है। अभी तक वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को खच्चर और पालकीवाले ही मंदिर दर्शन कराने ले जाते हैं। ये उनके कमाई का जरिया है।

## बोरवेल में गिरे सुमित को नहीं बचा सके

**गुना ( एजेंसी )।** गुना जिले के राघौगढ़ में बोरवेल में गिरे 10 साल के सुमित को नहीं बचाया जा सका। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बच्चे का शरीर पानी में था। जब अस्पताल लाया गया तो उसके कपड़े भी गीले थे। मुंह में मिट्टी भरी हुई थी। ठंड में उसके अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। बच्चा करीब 39 फीट की गहराई में फंसा था। उसे 16 घंटे बाद रविवार सुबह बाहर निकाला गया। राघौगढ़ के पीपल्या गांव का रहने वाला सुमित मीणा (10) शनिवार शाम को पतंग उड़ा रहा था।

## साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश, 179 पैसेंजर्स की मौत

**सियोल ( एजेंसी )।** साउथ कोरिया में मुआन एयरपोर्ट पर जेजू एयर का विमान क्रैश हो गया। विमान में 175 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर समेत 181 लोग थे। इस हादसे में 179 लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम ने 2 लोगों को जिंदा बचा लिया।

प्लेन से सभी शव निकाले जा चुके हैं। मरने वालों में 84 पुरुष और 85 महिलाएं हैं। अब तक 11 शवों की पहचान नहीं हो पाई है। यह हादसा भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 5:37 बजे (लोकल टाइम सुबह 9:07 बजे) हुआ।



## आचार्य किशोर कुणाल का हार्ट अटैक से निधन




**पटना ( एजेंसी )।** महावीर मंदिर न्यास के सचिव और अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापकों में से एक आचार्य किशोर कुणाल का रविवार सुबह निधन हो गया है। वो 74 साल के थे। आज सुबह उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ। उसके बाद तुरंत महावीर वात्सल्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका। आचार्य किशोर कुणाल की अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 9 बजे आवास से शुरू होगी। घर से महावीर वात्सल्य अस्पताल होते हुए महावीर मंदिर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। हाजीपुर के कोनहारा घाट पर उनका अंतिम संस्कार होगा।

# सुखबीर बादल का इस्तीफा नए साल में स्वीकार होगा

**अमृतसर ( एजेंसी )।** अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल का इस्तीफा जनवरी के पहले सप्ताह में स्वीकार किया जा सकता है। इसके साथ ही पार्टी नए साल में सदस्यता अभियान शुरू करने की योजना बना रही है। कल ही सुखबीर बादल के सेक्टर-9 स्थित आवास पर अकाली दल की कोर कमेटी, कार्यकारिणी, जिला अध्यक्षों और हलका इंचार्जों के साथ बैठक हुई थी। कार्यकारिणी ने जमीनी स्तर पर नेताओं से विचार-विमर्श के बाद इस्तीफे को लेकर फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार सुखबीर बादल ने पार्टी के जमीनी हालात और मौजूदा राजनीतिक हालात पर नेताओं से चर्चा की और उनकी राय ली।



ज्यादातर नेताओं ने सुखबीर का समर्थन किया और उनके साथ खड़े होने का भरोसा जताया।

सुखबीर बादल पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। 2 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश के तहत कार्यकारिणी को इस्तीफा स्वीकार कर अकाल तख्त सचिवालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, अकाली नेताओं ने धार्मिक सेवाओं का हवाला देते हुए कार्यकारिणी की बैठक के लिए समय मांगा था, जिसे मंजूर कर लिया गया।

बैठक में सुखबीर बादल के इस्तीफे पर लंबी चर्चा हुई। बैठक के दौरान साफ तौर पर संकेत दिए गए कि नए साल में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा और ऐसे कार्यकर्ताओं और व्यक्तियों को सदस्य बनाया जाएगा जो जमीनी स्तर पर भरोसेमंद हैं और पार्टी नेतृत्व के प्रति वफादार हैं।

## पंजाब में आज 4 घंटे सरकारी बसें नहीं चलेंगी

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में किसानों ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद रखने का फैसला किया है। इस प्रदर्शन में पनबस पीआरटीसी वर्कर यूनियन के कर्मचारी भी शामिल होंगे। ऐसे में पूरे पंजाब में करीब चार घंटे तक सरकारी बसें नहीं चलेंगी। 1125 बसों के पहिए पूरी तरह जाम रहेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बसें सड़क पर नहीं उतरेंगी। पंजाब बंद को लेकर यूनियन की बैठक हुई है। इसमें संघर्ष को लेकर रणनीति बनाई गई है। इस दौरान यूनियन के चेयरमैन बलजिंदर सिंह राठ और प्रधान रेशम सिंह ने कहा कि किसानों ने सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक पंजाब बंद का आह्वान किया है। लेकिन पूरे दिन की हड़ताल संभव नहीं है। हम भी लोगों को परेशान नहीं करना चाहते। इसी के चलते लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बसों का चक्का जाम करने का फैसला लिया गया है।

# मुंबई में 16 घंटे एयरपोर्ट पर फंसे रहे 100 यात्री, इंडिगो पर फूटा गुस्सा, एयरलाइंस ने मांगी माफी

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण लगभग 100 यात्री 16 घंटे तक फंसे रहे। इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट संख्या 6ई17 में देरी के चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट को सुबह 6:55 बजे इस्तांबुल के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से इसमें देरी होती रही। एयरलाइंस ने बाद में घोषणा की कि एक वैकल्पिक विमान रात 11 बजे उड़ान भरेगा, लेकिन यह भी संभव नहीं हो सका। इंडिगो ने इस असुविधा के लिए यात्रियों से माफी मांगी है। एक बयान में एयरलाइंस ने कहा, हमें खेद है कि हमारी उड़ान 6ई17, जो मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली थी, तकनीकी मुद्दों के कारण देरी का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य



से, समस्या को ठीक करने और इसे गंतव्य तक भेजने के हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद, हमें अंततः उड़ान रद्द करनी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक, उड़ान में कम से कम तीन बार देरी हुई और यात्रियों को बार-बार विमान में चढ़ाया और उतारा गया। इससे यात्रियों में आक्रोश फैल गया, खासकर छात्रों के एक समूह ने एयरपोर्ट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने एयरलाइन से टिकट रिफंड या वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने की मांग की। सोशल मीडिया पर भी यात्रियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। सोनम साइगल नामक एक यात्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि उनके भाई 12 घंटे से एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं और इंडिगो स्टाफ का व्यवहार बेहद निराशाजनक है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को बार-बार विमान में बैठाया और उतारा गया, लेकिन स्टाफ की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। एक अन्य यात्री, सचिन चिंतलवाड़ ने इस्तांबुल से वॉशिंगटन के लिए अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने की चिंता जताई, जबकि बीरेश कुमार सिंह नामक एक अन्य यात्री ने इंडिगो की सेवाओं को बहुत खराब बताया। इस घटना ने इंडिगो की यात्री सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए एयरलाइंस की आलोचना हो रही है।

# जनवरी तक 6 से ज्यादा राज्यों में भाजपा अध्यक्ष बदलेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा में फरवरी तक संगठन स्तर पर बड़ा फेरबदल होने वाला है। नए साल में जनवरी के आखिरी या फरवरी के पहले हफ्ते में पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। इसके अलावा 15 जनवरी तक मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष भी बदले जाएंगे। संगठन चुनाव को लेकर रविवार को दिल्ली में पार्टी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष के अलावा राष्ट्रीय महासचिव और संगठन चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यों से प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री और चुनाव अधिकारी शामिल



हुए। बैठक में संगठनात्मक चुनाव और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। पद के लिए आयु सीमा तय की, युवाओं को अहमियत पार्टी संगठन में युवाओं को महत्व देने के लिए आयु सीमा तय कर चुकी है। इसके लिए जिलों के भीतर बनाए जाने वाले मंडल अध्यक्ष की आयु 35 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। वहीं, जिलाध्यक्ष की आयु 45 से 60 वर्ष के बीच होगी। जिलाध्यक्ष के लिए संगठन में 7 से 8 साल तक काम करने का अनुभव भी जरूरी किया गया है। इनका चुनाव 15 जनवरी तक पूरा कराए जाने का लक्ष्य है। लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष या जिलाध्यक्ष रह चुके व्यक्ति को तीसरी बार मौका नहीं मिलेगा। साथ ही तय हुआ है कि संगठन के किसी पद काम कर रहे व्यक्ति को ही जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा। अक्टूबर में नियुक्त हुए थे चुनाव अधिकारी भाजपा ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के एलान के दिन (15 अक्टूबर) ही पार्टी के आंतरिक चुनावों के लिए अधिकारी नियुक्त किए थे।

## 35 साल की उम्र में इस वर्ल्ड चैंपियन मुक्केबाज ने दुनिया को कहा अलविदा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वर्ल्ड कप चैंपियन मुक्केबाज पॉल बाम्बा का 35 साल की उम्र में निधन हो गया। पॉल बाम्बा पिछले हफ्ते न्यू जर्सी में रोजेलियो मेडिना को हराकर डब्ल्यूबीए गोल्ड क्रूजरवेट वर्ल्ड चैंपियन बने थे। ये जीत 2024 में नॉकआउट से उनकी 14वीं जीत थी। इस जीत ने उन्हें दिग्गज हैवीवेट माइक टायसन के बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्यूर्टो रिको में जन्में अमेरिका में रहने वाले पॉल बॉम्बा ने अपने करियर के दौरान 19-3 का रिकॉर्ड बनाया था। पॉल बॉम्बा अमेरिकी पॉप स्टार एनई-वॉयओ के दोस्त थे और उनकी प्रबंधन कंपनी के साथ करार करने वाले पहले सेलिब्रिटी थे। पॉल बाम्बा के निधन से अमेरिकी मुक्केबाजी समुदाय को गहरा सदमा लगा है। पॉल बॉम्बा की मृत्यु पर रोजेलियो मेडिना ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा कि, डब्ल्यूबीए पॉल बॉम्बा। एनई-वॉयओ और बॉम्बा के परिवार ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। बयान में लिखा कि, हमें बहुत दुख के साथ बताना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय पुत्र, भाई, मित्र और चैंपियन मुक्केबाल पॉल बॉम्बा का निधन हो गया है। जिनके प्रकाश और प्रेम ने अनगिनत लोगों के जीवन में रोशनी भरी। लेकिन इन सबसे बढ़कर वह एक जबरदस्त व्यक्ति थे। जिन्होंने अपनी असाधारण प्रेरणा और दृढ़ संकल्प से कई लोगों को प्रेरित किया। हम उनके निधन से शोकाकुल हैं और इस कठिन समय में गोपनीयता की प्रार्थना करते हैं।

## विश्व मुक्केबाजी ने नयी एशियाई संस्था बनायी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तोक्यो ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को मुक्केबाजी की अलग वैश्विक संस्था 'विश्व मुक्केबाजी' के एथलीट आयोग में शामिल किया गया है जबकि अध्यक्ष अजय सिंह सहित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के छह अधिकारी नवगठित अंतरिम एशियाई निकाय का हिस्सा होंगे। भारत इस नयी संरचना के भीतर एशियाई मुक्केबाजी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिसमें बीएफआई से जुड़े अधिकारियों को सात अहम समितियों में शामिल किया गया है। सिंह को बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। बोरगोहेन एशियाई और वैश्विक मुक्केबाजी में खिलाड़ियों से जुड़े मुद्दे उठायेंगी।

बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह सहित को क्रमश ओलंपिक आयोग और वित्त एवं लेखा जांच समिति में अहम भूमिका मिली है। सिंह के हवाले से एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, ''एशियाई मुक्केबाजी का निर्माण विश्व मुक्केबाजी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# इस साल खेल जगत में हुए कई विवाद

## सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से ईशान हटना तो राहुल-गोयनका कंट्रोवर्सी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** साल 2024 भारतीय खेल जगत के लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा। इस साल टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की अगुवाई में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं शतरंज में डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। तो पेरिस ओलंपिक में भी भारत का झंडा ऊंचा रहा। लेकिन इन सभी उपलब्धियों के बीच कई विवाद भी सामने आए जो लोगों के जहन में हमेशा के लिए रहेंगे।

### खेल जगत में कई विवाद

पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल और मनु भाकर ने शूटिंग में दो मेडल अपने नाम करके देश को गौरवान्वित किया। हालांकि, इस साल खेल जगत में कुछ विवाद भी हुए। इन विवादों ने मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरीं।

### केएल राहुल और गोयनका का विवाद

आईपीएल 2024 के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एक मैच के बाद केएल राहुल और संजीव गोयनका के बीच मैदान पर हुई बातचीत काफी चर्चा में रही। जब लखनऊ को हार का सामना करना पड़ा। तो राहुल को गोयनका से बात करते हुए देखा गया, जहां गोयनका उन्हें फटकार लगाते हुए नजर आए। ये दृश्य कई फैंस को अजीब लगा और उन्होंने गोयनका की आलोचना की, क्योंकि कुछ का मानना था कि उन्होंने राहुल को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। इस घटना ने एक बड़ा विवाद पैदा किया, जिससे दोनों के बीच संबंधों पर सवाल उठे।

साल की शुरुआत में बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर कर दिया था। इन दोनों को बीसीसीआई के निर्देशों का पालन न करने के कारण अनुबंध से बाहर किया गया, जिसमें कहा गया कि टीम इंडिया से बाहर रहने पर उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। दिसंबर में किशन ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान निजी कारणों से क्रिकेट से ब्रेक लिया, लेकिन बाद में बड़ौदा में ट्रेनिंग करते दिखे। वहीं, अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बाहर रहने के बाद रणजी ट्रॉफी नहीं खेली, जबकि एनसीए ने उन्हें फिट करार दिया।

### अंतिम पंघाल रहीं चर्चा में

पेरिस ओलंपिक में भारतीय रेसलर अंतिम पंघाल को नियमों की अनदेखी करने पर विवाद का सामना करना पड़ा। पंघाल ने खेल गांव से बाहर जाने के लिए अपना आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी बहन को दे दिया जो नियमों के खिलाफ था।

## मैं पिछले 12 साल से... सैम कोंस्टास को लेकर जसप्रीत बुमराह ने दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। अभी तक दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं जिसमें दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। वहीं मौजूदा समय में दोनों टीमों के बीच मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए डेब्यू करने वाले 19 वर्षीय सैम कोंस्टास की चर्चा हो रही है। सैम कोंस्टास ने अपने डेब्यू में धमाकेदारी पारी खेली। इस युवा बल्लेबाज ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन बनाए। साथ ही जसप्रीत बुमराह का डटकर सामना भी किया। सैम कोंस्टास ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर 2 छक्के भी जड़े। वहीं अब बुमराह ने सैम कोंस्टास को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल, सैम कोंस्टास इंग्लैंड के जोस बटलर के बाद टेस्ट फॉर्मेट में जसप्रीत बुमराह को एक पारी में 2 छक्के जड़ने के मामले में दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। सोशल मीडिया पर सैम कोंस्टास की बल्लेबाजी लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। वहीं, अब जसप्रीत बुमराह ने सैम कोंस्टास पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बुमराह ने कहा कि मैंने ऐसा बहुत अनुभव किया है। मैंने बहुत टी20 क्रिकेट खेला है, 12 साल से भी ज्यादा टी20 क्रिकेट खेला है। वह दिलचस्प बल्लेबाज हैं, मुझे हमेशा लग रहा था कि मैं खेल में हूं। मुझे कभी नहीं लगा कि मैं विकेट से दूर हूं। शुरुआत में मुझे लगा कि मैं उसे पहले दो ओवरों में 6-7 बार आउट कर सकता हूं। लेकिन क्रिकेट में ऐसा ही होता है। मुझे अलग-अलग चुनौतियां पसंद हैं और एक नई चुनौती का इंतजार है। बता दें कि, सैम कोंस्टास ने पहले दिन 65 गेंदों में 60 रनों की पारी खेली। उन्होंने कहा कि अपनी पारी में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। खासकर, इस बल्लेबाज ने भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ आक्रामक रवैये अख्तियार किया। जसप्रीत बुमराह के पहले ओवर में आक्रामक रवैया ने 14 रन बनाए। जबकि बुमराह के दूसरे ओवर में सैम ने 18 रन बटोरे। बुमराह के टेस्ट करियर का सबसे मंहगा ओवर था।

## शानदार पारी के बाद परिवार से मिले नीतीश कुमार रेड्डी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जा रहा है। भारत का स्कोर तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट पर 358 रन है। भारत के लिए तीसरे दिन ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने शानदार शतक बनाया। नीतीश ने ना सिर्फ बेहतरीन खेल दिखाया बल्कि टीम इंडिया को मुश्किल से भी उबारा।

वहीं बीसीसीआई ने ङ्ग पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें नीतीश का परिवार उनसे मिलना पहुंचा। दरअसल, भारत के 7 बल्लेबाज 221 रनों तक पवेलियन का रुख कर चुके थे। लेकिन इसके बाद नीतिश कुमार रेड्डी ने मोर्चा संभाल लिया। वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी के बीच आठवें विकेट के लिए 127 रनों की साझेदारी हुई। उन्होंने 176 गेंदों पर 105 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी शतकीय पारी में 10 चौके और 1 छक्का भी जड़ा। वहीं नीतीश की बहन ने शतक पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम सब लोग बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं हम लोग बहुत खुश हैं हम लोग ये टेस्ट देखने आए और उन्होंने शतक बना दिया। हमारे खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हमें पूरा भरोसा था कि वह अच्छी बल्लेबाजी करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जब वह 99 रनों पर बल्लेबाजी कर रहा था तो हम लोग चिंतित थे, क्योंकि दूसरी तरफ बल्लेबाज आउट हो रहे थे, लेकिन हम आश्वस्त थे कि वह अपना शतक पूरा कर लेगा। वहीं नीतीश के पिता ने कहा कि, नीतीश ने आज बहुत अच्छा खेला। मुझे उस पर बहुत गर्व है, हमने बहुत संघर्ष किया। हम टीम इंडिया के बहुत शुक्रगुजार हैं। फिलहाल, तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत का स्कोर 9 विकेट पर 358 रन है।

## मिचेल स्टार्क की इंजरी को लेकर स्कॉट बोलैंड ने दिया अपडेट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारतीय पारी के दौरान ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टीम की टेंशन बढ़ा दी। गेंदबाजी के दौरान मिचेल स्टार्क दर्द में दिखे लेकिन गेंदबाजी जारी रखी। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद स्कॉट बोलैंड ने उनकी इंजरी को लेकर अपडेट दी है। बोलैंड का मानना है कि स्टार्क ठीक हैं। तीसरे मैच में स्टार्क को सफलता नहीं मिली। मिचेल स्टार्क मेलबर्न में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान अपनी पीठ पकड़े हुए दिखे। जिसके बाद टीम के फिजियोथेरेपिस्ट निक जोन्स ने उनका इलाज किया। बोलैंड ने कहा कि स्टार्क बेहतर दिख रहे हैं और अच्छी स्पीड से गेंदबाजी कर रहे हैं। स्कॉट बोलैंड ने 17 ओवर में 57 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। स्कॉट बोलैंड ने कहा कि, वह ठीक हैं। उसकी पीठ या पसली में कहीं हल्की सी दिक्कत है। मुझे नहीं पता शायद पीछे कही हैं। लेकिन ब्रेक के बाद जब वापस आया तो 140 किमी/घंटा की स्पीड से गेंदबाजी कर रहा था। इसलिए मुझे लग रहा है कि वह ठीक है। उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि वह जितना मजबूत है, उसे उतना कम आंका गया है। कुछ साल पहले यहां एमसीजी में उसकी अंगुली टूट गई थी और हम उसे बिल्कुल भी गेंदबाजी न करने की योजना बना रहे थे और फिर वह बाहर आया और 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्विंग गेंदबाजी की।




## मैग्नस कार्लसन ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पांच बार के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन पर फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद पहले जुर्माना लगाया गया और बाद में उन्हें विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर कर दिया गया। गत चैम्पियन कार्लसन पर जींस पहनने के कारण 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैम्पियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। फिडे ने एक बयान में कहा कि ड्रेस कोड के नियम खिलाड़ियों को भली भांति बता दिये गए थे। महानतम शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कार्लसन ने अगले दिन ड्रेस कोड का पालन करने पर रजामंदी जताई लेकिन कहा कि वह तुरंत नहीं




बदलेंगे। पिछले दो बार के चैम्पियन कार्लसन ने इस घटनाक्रम पर कहा ,'' मैं ऐसी किसी जगह पर रहना चाहूंगा जहां मौसम बेहतर हो।'

फिडे ने एक्स पर साझा किये गए बयान में कहा ,'' ड्रेस कोड के नियम फिडे खिलाड़ियों के आयोग के सदस्यों ने बनाये हैं जिसमें पेशेवर खिलाड़ी और विशेषज्ञ हैं। ये नियम बरसों से हैं और सभी प्रतिभागियों को इसके बारे में भली भांति पता है। हर टूर्नामेंट से पहले उन्हें इसकी जानकारी दी जाती है।'' इसमें कहा गया ,'' फिडे यह सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ियों के रहने का स्थान आयोजन स्थल के बहुत पांस हो ताकि उन्हें नियमों का पालन करने में सुविधा हो।'' इसमें कहा गया ,'' आज मैग्नस कार्लसन ने जींस पहनकर ड्रेस कोड के नियम का उल्लंघन किया। इतने लंबे समय से चले आ रहे नियमों में यह साफ है कि जींस पहनना निषिद्ध है। मुख्य पंचाट ने कार्लसन को इसके बारे में बताया और 200 डॉलर का जुर्माना लगाया। उनसे कपड़े बदलने का अनुरोध किया गया जो उन्होंने नहीं माना। इस वजह से उन्हें अयोग्य करार देना पड़ा।'' इससे पहले रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि ने भी इस नियम का उल्लंघन किया था लेकिन वह कपड़े बदलकर लौट आये जिससे उन्हें बाहर नहीं किया गया। इस बीच कार्लसन ने कहा कि वह ब्लिट्ज वर्ग में भाग नहीं लेंगे क्योंकि फिडे की ड्रेस कोड नीति से वह तंग आ चुके हैं। उन्होंने नॉर्वे के मीडिया से कहा ,'' मैं फिडे से आजिज आ चुका हूं और अब और नहीं सह सकता। मैं सभी से माफी मांगना चाहता हूं। यह बेहद हास्यास्पद नियम है। मैं कल कपड़े बदल सकता था लेकिन वे सुनने को ही तैयार नहीं है।'' खेल के तेज रफ्तार प्रारूप के विकास जोर दे रहे कार्लसन से जुड़े इस मामले को विश्व शतरंज को उनकी ओर से एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## 7 साल बाद हॉकी इंडिया लीग की वापसी, 8 टीमों के बीच होगी खिताब के लिए जंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हॉकी इंडिया लीग की वापसी 7 साल बाद हो रही है। 28 दिसंबर शनिवार से भारतीय हॉकी में नए युग के सूत्रपात होगा। पहले मैच में दिल्ली एसजी पाइपर्स की टीम विशाखापत्तनम की गोनासिका से खेलेगी। पुरुषों के वर्ग में आठ टीमें खिताब के लिए जोर लगाएंगी। पहली बार महिला हॉकी लीग की भी शुरुआत हो रही है इसमें 12 जनवरी से चार टीमें आपस में भिड़ेंगी। बिरसा मुंडा स्टेडियम में पुरुष वर्ग के मुकाबले एक फरवरी तक चलेंगे। पहले चरण के मुकाबले 28 दिसंबर से 18 जनवरी तक होंगे।

जिसमें हर टीम एक दूसरे से एक बार खेलेगी। दूसरा चरण 19 जनवरी से शुरू होगा जिसमें टीमों को दो पूल में बांटा जाएगा। पूल ए में दिल्ली एसजी पाइपर्स, श्राची रार बंगाल टाइगर्स, सूरमा हॉकी क्लब, वेदांता कलिंगा लांसर्स और पूल बी में गोनासिका, हैदराबाद तूफांस, तमिलनाडु ड्रैगंस और यूपी रुद्रास हैं। दोनों पूल से टॉप चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। ओलंपिक पदक विजेता शमशेर सिंह और ऑस्ट्रेलिया के जैक वेटन की सह कप्तानी वाली दिल्ली के पास मजबूत टीम है। टूर्नामेंट से पहले भुवनेश्वर में शिविर के बाद खिलाड़ियों के हौसले बुलंद हैं। कोर ग्रुप में विंसेंट वनाश,



हरमनप्रीत, विवेक सागर प्रसाद, विक्टर वेगनेज़, जोनास डी गेस और गुरजंत सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। बेल्जियम के जेरोन बार्ट को कोचिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोलकीपर और पेरिस ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट पिरमिन ब्लाक के चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हटने से टीम को करार झटका लगा। प्रबंधन ने ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह और रुपिंदर पाल सिंह पर प्रीमियम लगाया। रुपिंदर पाल सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया। 34 वर्षीय खिलाड़ी नीदरलैंड्स में क्लब हॉकी खेल रहे हैं और घर वापसी पर लोगों को ये देखाने के लिए उत्सुक होंगे कि उनमें अब भी ये क्षमता है। उनके पास टॉप अंतरराष्ट्रीय सितारे सैम लेन एक और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ और बेल्जियम के फ्लोरेंट वैन औबेल और गौथियर बोकार्ड के साथ-साथ सुखजीत सिंह भी हैं। यूपी रुद्रास में पेरिस ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट के साथ नीदरलैंड्स का बड़ा कोर है। जिसमें महिला टीम के कोच पॉल वैन ऐस भी हैं।

# महिला श्रमिक के साथ दुष्कर्मकाम देने के बहाने खंडहरनुमा मकान में ले गए, दो आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में महिला श्रमिक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दो लोग महिला को मजदूरी कराने का कहकर अपने साथ खंडहरनुमा मकान में ले गए। जहां दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई है। बताया गया कि पूरी वारदात को दो आरोपियों ने मिलकर अंजाम दिया है। पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू की।






एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के बाद पुलिस आखिरकार आरोपियों तक पहुंच गई। आरोपियों में धर्मराज बंसल पिता रमेश बंसल उम्र 25 वर्ष निवासी गुढ़ चौराहा और अभिषेक हरिजन पिता राजेंद्र हरिजन उम्र 32 वर्ष निवासी पांडेयन टोला शामिल हैं। जिनके खिलाफ पहले से भी कुछ मामले दर्ज हैं। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने लगभग 50 सीसीटीवी खंगाले हैं। महिला ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। इसलिए आरोपियों को ढूंढना एक चुनौती थी। पीड़िता ने पूरे मामले में रविवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है, पूरी वारदात शनिवार दोपहर की है।

**खंडहर मकान में ले गए दो आरोपी:** पीड़िता के मुताबिक, पांडेयन टोला स्थित खंडहर मकान में दो आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। श्रमिक महिला और उसका पति गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जो शहर में ही रहकर मजदूरी का काम करते हैं।

पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया है कि शनिवार को काम की तलाश के लिए वह छोटी दरगाह के पास लगने वाली मजदूर मंडी के पास खड़ी हुई थी। तभी आरोपियों ने काम देने की बात कहकर उसे अपने साथ गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद उसे खंडहरनुमा मकान में ले गए। जहां उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता अपने पति के पास पहुंची और उसे पूरी आपबीती बताई। इसके बाद दोनों मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचे।

## प्रतिभाशाली निशानेबाज यश पाण्डेय को किया सम्मानित





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के प्रतिभाशाली निशानेबाज यश पाण्डेय ने भोपाल में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यश पाण्डेय ने 10 मीटर राइफल में रजत पदक जीतकर मध्यप्रदेश और रीवा का मान बढ़ाया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने यश पाण्डेय को निज निवास में सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य क्षेत्र में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हुए हैं। जिन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यश भी राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय ही नहीं ओलम्पिक में पदक प्राप्त करें। उप मुख्यमंत्री ने पुष्पगुच्छ देकर तथा मिठाई खिलाकर यश को सम्मानित किया और उत्साहवर्धन किया।

## उप मुख्यमंत्री ने नैकहाई शौर्य स्मारक का किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के बघेल राजवंश के कार्यकाल में रीवा राज्य में दुश्मनों के आक्रमण का बघेलखण्ड के सपूतों ने मुहतोड़ जवाब दिया। यहाँ के सेनानायकों और वीर सैनिकों की शौर्यगाथा चोरहटा में नैकहाई में लिखी गई। नैकहाई में वीरों की स्मृति में शौर्य स्मारक स्थापित किए गए हैं। इन शौर्य स्मारकों को सुरक्षित और संरक्षित रखने के कार्य का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सौन्दर्यीकरण के लिए स्वीकृत विभिन्न कार्यों को समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश देते हुए कहा कि नैकहाई स्मारक को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें। इसके बाउन्ड्रीवॉल और मेनगेट का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। परिसर में वीर शहीदों की छतरियों के जीर्णोद्धार के लिए एक करोड़ 25 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। इसके निविदा की कार्यवाही पूरी करके कार्य शीघ्र शुरू कराएं जिससे 8 फरवरी को वीरों के बलिदान दिवस पर नैकहाई शौर्य स्मारक का विधिवत उद्घाटन किया जा सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक औद्योगिक विकास केन्द्र यूके तिवारी, कार्यपालन यंत्री औद्योगिक विकास निगम केके गर्ग तथा हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 15 दिन में सड़कों से हटाने थे मवेशी, कलेक्टर के आदेश पर 4 महीने बाद भी नहीं हुआ अमल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में बेसहारा पशु सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। इससे नगर के सिरमौर चौराहा, कॉलेज चौराहा, नया बस स्टैंड, जय स्तंभ चौराहा, पुराना बस स्टैंड, खन्ना चौराहा, साई मंदिर, शिल्पी प्लॉजा समेत सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर यातायात प्रभावित हो रहा हैं।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम और प्रशासन ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि, अधिकांश बेसहारा मवेशी नगर निगम और जिला पंचायत कार्यालय के सामने ही चक्कर लगा रहे हैं। शहर की सड़कों पर बेसहारा पशुओं का डेरा है। मुख्यमंत्री और कलेक्टर के आदेश के 4 माह बाद भी कोई बदलाव नहीं आया है।

बता दें कि, 4 महीने पहले अगस्त में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आदेश जारी कर 15 दिनों के भीतर आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के निर्देश नगर निगम आयुक्त के साथ ही सभी एसडीएम, सीओ और सीएमओ सहित स्थानीय प्रशासन को दिए थे। लेकिन, कलेक्टर के आदेश का पालन 4 महीने बाद भी नहीं हो पाया। लिहाजा शहर में जगह-जगह पर आवारा मवेशी आवागमन को बाधित कर रहे हैं। साथ ही दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। उधर, ग्रामीण क्षेत्रों में ये आवारा मवेशी किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन चुके हैं। किसान नेता शिव सिंह ने बताया कि आवारा पशु खेती को पूरी तरह से बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है।

किसान दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार करता है और आवारा मवेशी चंद समय में ही खड़ी फसल को बर्बाद कर देते हैं। जिससे किसानों को खेती से लागत तक निकालना मुश्किल हो जाता है।

**आयुक्त बोले- जल्द व्यवस्था बनाएंगे:** पूरे मामले में नगर निगम आयुक्त सौरभ सोनवड़े का कहना है कि रीवा में आवारा पशुओं की समस्या है। कई बार हमने आवारा पशुओं को इस शहर से ले जाकर लक्ष्मण बाग गौशाला और बसामन मामा गौशाला में शिफ्ट किया है। लेकिन, उनकी संख्या ज्यादा होने के कारण समस्या आ रही है। बहुत से लोग और डेयरी संचालक ऐसे हैं जो आवारा पशुओं को सड़कों पर छोड़ रहे हैं। ऐसे लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जल्द ही इसे लेकर कुछ व्यवस्था बनाएंगे।

## एम.पी. ट्रांसको ने हॉसिल की ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि वर्ष-2024 में ऊर्जा क्षेत्र में एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हॉसिल की है। एम.पी. ट्रांसको ने कैलेंडर वर्ष-2024 में प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क (पारेषण प्रणाली) के अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, विस्तारीकरण एवं विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक नए आयाम स्थापित किए। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस वर्ष एम.पी. ट्रांसको ने अपने नेटवर्क में 1729 एम.व्ही.ए. क्षमता की अतिरिक्त वृद्धि की। इससे प्रदेश में कुल ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता बढ़कर 80 हजार 774 एमवीए की हो गई है। इस वर्ष 47 नये पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किये गये, जिससे एम.पी. ट्रांसको के ऊर्जीकृत पॉवर ट्रांसफार्मर की संख्या बढकर 1023 हो गई है। इसमें 400 के.व्ही. के 37,220 के.व्ही. के 215 एवं 132 के.व्ही. के 771 ट्रांसफॉर्मर क्रियाशील हैं। इस वर्ष मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन लाइनों की लंबाई बढ़कर 42133 सर्किट कि.मी. की हो गई है, जो प्रदेश के 416 अति उच्चदाब सब-स्टेशनों में विद्युत पारेषण करती है। इस वर्ष प्रदेश में 176 सर्किट किलोमीटर लाइनों का निर्माण कर ऊर्जीकृत किया गया।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको के सिस्टम ने प्रदेश में पहली बार 18 हजार मेगावाट से ऊपर विद्युत डिमांड बिना किसी व्यवधान के हैंडल करने में सफलता प्राप्त की। 20 दिसम्बर 2024 को प्रदेश में आज तक की अधिकतम 18913 मेगावॉट डिमांड दर्ज की गई। इसी तरह प्रदेश में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक दिन में 3368.56 लाख यूनिट विद्युत खपत की सफलतापूर्वक आपूर्ति करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश के अपने ट्रांसमिशन सिस्टम में नई तकनीकों का समावेश करते हुये सिस्टम को अपग्रेड किया। विभिन्न ट्रांसमिशन एलीमेंटस को एच.एम.आई. (हयूमन मशीन इंटरफेस) तकनीक से ऊर्जीकृत और नियंत्रित किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के पुराने तीन 132 के.व्ही. सब-स्टेशनों को रिमोट से संचालित करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। 220 के.व्ही. ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग में मिली सफलता के बाद अब प्रदेश में 400 एवं 132 के.व्ही. के 23000 ट्रांसमिशन टॉवरों की ड्रोन पेट्रोलिंग भी की जा रही है। मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने ट्रांसमिशन टॉवरों की पेट्रोलिंग ड्रोन के माध्यम से प्रारंभ की है। एम.पी. ट्रांसको ने अपने पेंशनर्स के लिये वेबसाइट के माध्यम से कई सुविधाएं ऑनलाइन करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। अब एम.पी. ट्रांसको के सेवानिवृत्त कार्मिक विश्व के किसी भी कोने से लाईफ सर्टिफिकेट अपलोड कर सकते हैं। साथ ही वेबसाइट के माध्यम से ही अपने पेंशन स्लिप और अपने बैंक खातों में किये गये लेन-देन की जानकारी ली जा सकती है। 2024 में एम.पी. ट्रांसको ने ऑनलाइन वेबिनारों और नॉलेज शेयरिंग कार्यशालाओं से ट्रांसको के युवा इंजीनियरों को अपडेट करने का एक सफल अभियान चलाया। इसके कारण एम.पी. ट्रांसको के वर्क कल्चर में महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव आया है।

## उप मुख्यमंत्री ने सुनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर माह के अंतिम रविवार को प्रातः 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश के विकास से जुड़े मुद्दों पर संदेश देते हैं।

देश भर में इस कार्यक्रम को लाखों लोग सुनते हैं। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निज निवास पर स्थानीय जनों के साथ प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश को विश्वगुरू बनाने और विकसित करने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने के लिए हर दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हम सबको प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन और प्रेरणादायक उद्बोधन मिलता है। इससे जनहित के कार्यो को करने के लिए नई ऊर्जा प्राप्त होती है।

## भैरवबाबा मंदिर के निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले की गुढ़ तहसील के समीप भैरव बाबा का प्रसिद्ध मंदिर है। मंदिर परिसर में भैरव बाबा की जमीन पर लेटी हुई विशाल प्रतिमा है। मंदिर परिसर में चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्य का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जायजा लिया। शुक्ल ने भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को 31 जनवरी तक पूरा कराएं। भैरव बाबा मंदिर परिसर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जाएगा। सोलर पार्क और गुढ़ औद्योगिक विकास केन्द्र के बीच यह महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बन सकता है। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता तथा अन्य जनप्रतिनिधि उनके साथ रहे।

## नगर निगम में कृष्णा नगर में आज लगेगा शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 30 दिसम्बर को वार्ड क्रमांक 43 के लिए प्रधानमंत्री आवास परिसर कृष्णा नगर में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## आमजन को ठण्ड से बचाने के लिए उचित प्रबंध करें - कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के सभी जिलों में पिछले 24 घंटों में अच्छी वर्षा हुई है। वर्षा के बाद तापमान में गिरावट आ रही है। मौसम विभाग द्वारा आगामी एक सप्ताह तक तापमान में गिरावट और शीतलहर का अनुमान लगाया गया है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आमजनों को ठण्ड से बचाव के उचित प्रबंध के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि भारतीय मौसम विभाग की शीतलहर की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए आमजनों को ठण्ड से बचाव के लिए जागरूक करें। बेसहारा एवं खुले स्थानों में रात बिताने वाले व्यक्तियों को यथासंभव रैनबसेरों में सुरक्षित आवास दें। रैनबसेरों में पर्याप्त गर्म कपड़े, बिस्तर, कंबल आदि का प्रबंध करें। कमिश्नर ने कहा है कि बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों, सब्जीमण्डी, अनाजमण्डी अस्पताल, बाजार एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में अलाव की व्यवस्था करें। अलाव के लिए पर्याप्त लकड़ी उपलब्ध कराएं। कलेक्टर मौसम को ध्यान में रखकर आवश्यक होने पर स्कूलों के खुलने के समय में परिवर्तन करें। अधिक ठण्ड होने पर सुबह 9 बजे से पहले कोई स्कूल संचालित न करने दें। सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शीतजनित बीमारियों के उपचार के लिए अस्पतालों में उचित प्रबंध करें। शहर के रैनबसेरों तथा सार्वजनिक स्थलों में रहने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच के लिए उपचार दल तैनात करें। कलेक्टर उप संचालक कृषि के माध्यम से किसानों को फसलों की सुरक्षा के संबंध में जागरूक करें।

### जिले में 24 घंटे में हुई 10.9 मिलीमीटर वर्षा

जिले में पिछले 24 घंटे में 10.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 25 मिमी वर्षा सिरमौर तहसील में दर्ज की गई। तहसील हुजूर में 13 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 9 मिमी, गुढ़ में 11 मिमी, त्योंथर में 12 मिमी, सेमरिया में 3 मिमी, मनगवां में 9 मिमी तथा जवा में 5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। यह वर्षा गेंहू और चने की फसल के लिए बहुत लाभदायक है। इन फसलों में पर्याप्त पानी मिलने से तेजी से वृद्धि होगी। मसूर, अलसी, मटर जैसी फसलों पर भी पानी का अच्छा असर रहेगा। इन फसलों में कीट व्याधि का प्रकोप हो सकता है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में आज 12 ग्राम पंचायतों में शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी ने बताया कि 30 दिसम्बर को रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में चौड़ियार और बदवार तथा अनुभाग हुजूर में तिघरा और गोड़हर में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में ग्राम पंचायत तेंदुनी और कंचनपुर तथा अनुभाग मनगवां में बसेड़ा और पचपहरा में शिविर लगाये जायेंगे।

# शासन के निर्देशों के अनुसार तीन दिन नहीं होगी धान की खरीदी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। शनिवार और रविवार के अवकाशों में धान का उपार्जन नहीं होता है। इन दिवसों में उपार्जित धान के परिवहन और भण्डारण की व्यवस्था की जाती है। खरीदी केन्द्रों में भारी मात्रा में धान उपार्जित होने से शासन द्वारा 30 दिसम्बर, 31 दिसम्बर और एक जनवरी को किसानों से खरीदी केन्द्रों में धान की खरीद न करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि इन अवकाश के दिनों में उपार्जित धान के सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था की जाएगी। रीवा जिले के खरीदी केन्द्रों में अब दो जनवरी से किसानों से धान ली जाएगी। शासन के निर्देशों के अनुसार धान खरीदी में तीन दिवस का अंतर रखा गया है। किसानों को



एसएमएस में माध्यम से इसकी सूचना दी जा रही है। शासन द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि भी 20 जनवरी से बढ़ाकर 23 जनवरी कर दी गयी है। जिन किसानों के स्लॉट धान विक्रय के लिए बुक थे, उसकी अवधि 5 दिन बढ़ा दी गयी है। उन्हें पुनः स्लॉट बुक करने की जरूरत नहीं है। अपर कलेक्टर ने कहा है कि गत 24 घंटे की वर्षा से यदि किसी खरीदी केन्द्र में धान को हानि हुई है तो एसडीएम तत्काल आंकलन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अतिरिक्त वाहन तैनात कर खरीदी केन्द्रों से उपार्जित धान का तत्काल परिवहन कराएं। सभी समिति प्रबंधक खरीदी केन्द्रों में धान को सुरक्षित रखने के उचित प्रबंध करें।

### जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 2457571 क्विंटल हुई धान की खरीद

**रीवा (निप्र)।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में अब तक 38650 किसानों से अब तक 2457571 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 533 करोड़ 99 लाख 76 हजार 101 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 52 हजार 637 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। अब तक 13 लाख 36 हजार 211 क्विंटल धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कर दिया गया है। अतिरिक्त वाहन लगाकर खरीदी केन्द्रों में भण्डारित धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 180 करोड़ 59 लाख 90 हजार 407 रुपए जारी किए जा चुके हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।